## अनुपात में आरक्षण

''अ'' *434. श्री सोनेलाल हेम्ब्रम--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भारत का गजट संख्या 10, दिनांक 8 जनवरी, 2003 को बिहार राज्य में थारू, कांवर, कोल जातियों को क्रमांक 30, 31, 32 में अनुसूचित जन-जाति में सम्मिलित किया गया है, इसी प्रकार गौर एवं गौंड़ जाति को भी 27 फरवरी, 2007 को गौंड़ जन-जाति में सम्मिलित किया गया है, लेकिन जनसंख्या के अनुरूप पंचायत में आरक्षण नहीं दिया जा रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पंचायत चुनाव, 2011 में इन जन-जातियों को उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## पदाधिकारी पर कार्रवाई

''ग'' *156. श्री विक्रम कुंवर--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण योजना के अधीन तत्कालीन उप-विकास आयुक्त, निदेशक लेखा प्रशासन, लेखा पदाधिकारी, जिला ग्राम विकास अभिकरण, जिला प्रबंधक तथा जिला अभियंता, सीवान के द्वारा सरकारी राशि का वित्तीय वर्ष 2001 से 2005 तक 20 लाख, 54 हजार, 36 रुपये का गबन किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के पत्रांक 100, दिनांक 6 जून, 2007 द्वारा जांच कर अपना प्रतिवेदन संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, पटना को भेजा है, जिसमें उक्त पदाधिकारियों के विरुद्ध गबन का मामला सही बतलाया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पदाधिकारी के विरुद्ध अबतक कार्रवाई नहीं करने का क्या औचित्य है ?

--------

## पथ का निर्माण

''घ'' *540. श्री उमाकान्त यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत खजौली प्रखंड के ग्राम गबरौरा के प्रधान मंत्री सड़क से पश्चिम की ओर कोशी नदी के छाहर होते हुए ग्राम तुलसियाही, भकुआ एवं सुक्की पुल तक जाने वाली सड़क की स्थिति काफी जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कोशी नदी के छाहर पर सड़क नहीं बनने के कारण आमलोगों को काफी असुविधा होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ को बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

''अ'' नोट--दिनांक 7 मार्च, 2011 को सदन द्वारा सामान्य प्रशासन विभाग से पंचायती राज विभाग में स्था0 ।

''ग'' नोट--दिनांक 9 मार्च, 2011 को सदन द्वारा स्थगित ।

''घ'' नोट--दिनांक 9 मार्च, 2011 को सदन द्वारा स्थगित ।

पथ का जीर्णोद्धार

''च''*545. श्री अरूण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि उग्रवाद प्रभावित भोजपुर जिला में पीरो से होकर सोन कैनाल के बिहिया ब्रांच लाईन के समानान्तर बचरी फॉल-नोनार-गोविंदडीह, सेदहां-कोसडिहरा-डीपन्नडीह-खेलड़िया-तरारी सड़क पिछले 5 वर्षों से जीर्ण-शीर्ण होने के कारण आवगमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार इस पथ का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----------

सड़क का निर्माण

''छ''*546. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मोतिहारी जिलान्तर्गत ढाका बेलवाधार शिवहर पथ को जिला से जुड़ने वाली मुख्य मार्ग है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जिला को जोड़ने वाली पथ का मात्र शेष 3 कि0 मी0 सड़क अधूरा पड़ा हुआ है जिससे आम जनता को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शेष 3 कि0 मी0 सड़क का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

कटाव की रोकथाम

''ज'' *553. श्री दुलार चन्द्र गोस्वामी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के बारसोई विधान-सभा अन्तर्गत महानन्दा नदी के कटाव में छोटी रघुनाथपुर, रघुनाथपुर, धचना, चांद पाड़ा, बालू पाड़ा, कलोनी हाट, महेशपुर गांव एवं मस्जिद तथा बालू पाड़ा नदी के कटाव से बुरी तरह प्रभावित है;

(2) क्या यह बात सही है कि नागर नदी के तेज पानी के कटाव से कुचिमा मोड़ गांव एवं अल्पसंख्यक का कब्रिस्तान नेजरा बाड़ी, गोड़वा, सहित निसार भाटी प्रधानमंत्री सड़क एवं आबादी नदी के कटाव से प्रभावित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन कटाव पीड़ित गांव को सुरक्षित करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

पथ की मरम्मती

''द'' *766. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के दीघा विधान-सभा क्षेत्र के बालूपर की गली, पथ संख्या 20 की हालत जर्जर है तथा बरसात के दिनों में इस पथ पर आवाजाही अवरूद्ध हो जाता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खण्ड (1) में वर्णित पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

''च'' नोट--दिनांक 9 मार्च, 2011 को सदन द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग से जल संसाधन विभाग को स्थानांतरित ।

''छ'' नोट--दिनांक 9 मार्च, 2011 को सदन द्वारा स्थगित ।

''ज'' नोट--दिनांक 9 मार्च, 2011 को सदन द्वारा स्थगित ।

''द'' नोट--दिनांक 10 मार्च, 2011 को सदन द्वारा नगर विकास विभाग से ग्रामीण कार्य विभाग में स्थानांतरित ।

सिंचाई की व्यवस्था

*1101. श्री राजेश सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिलान्तर्गत नरईपुर माइनर का पानी त्रिवेणी नहर में सिघाव के पास से निकल कर पीपराडीह कटफोर रामपुर बाडी डोरी सबेया बास गांवसखुई बोरवल अम्मा, मुसहर टोली, सबरी, पोखर भिण्डा आदि गांव को सिंचाई हेतु पानी मिलता है;

(2) क्या यह बात सही है कि पिपराडीह तक 5 कि0 मी0 तक सिंचाई हेतु पानी ठीक से आता है परन्तु इसके आगे के गांव तक सिंचाई हेतु पानी नहीं पहुंच पाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नरइपुर माइनर का पानी का खण्ड (1) में वर्णित गांवों तक सिंचाई हेतु पहुंचाने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

पथ का निर्माण

*1102. श्री अरूण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के तरारी प्रखण्ड का अनुसूचित जाति, पिछड़ी एवं अन्य पिछड़ी जाति बहुल आबादी वाला गांव जो गोपालपुर में आवागमन हेतु पिछले बीस वर्षों से मात्र एक जीर्ण-शीर्ण कच्चा रास्ता ही सम्पर्क पथ के रूप में उपलब्ध है जो बिहियां ब्रांच कैनाल के समानान्तर सड़क से गोपालपुर गांव होते हुए बगसड़ा ग्राम तक जाती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खण्ड (1) में वर्णित सम्पर्क पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का निर्माण

*1103. श्री कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के अंतरी प्रखंड के मानपुर सरवहदा से ग्राम डिहुरी से इमलिया चक, नरावह तक जाने वाली सड़क जर्जर अवस्था में है, जिससे इस क्षेत्र की जनता को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त ग्रामीण सड़क का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का जीर्णोद्धार

*1104. श्रीमती मंजू हजारी--क्या मंत्री,पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के रोसड़ा प्रखंड से हसनपुर प्रखण्ड को जोड़ने वाली शाहपुर-हसनपुर पथ काफी जर्जर है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का जीर्णोद्धार

*1105. श्री राम लषण राम ''रमण''--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत राजनगर एवं अंधराठाढ़ी प्रखण्डों की पांच पंचायतों को जोड़ने वाली सड़क भगवानपुर से मैलाम चौक तक 7 कि0 मी0 जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि राजनगर प्रखण्ड की सुगौना उत्तरी सुगौना दक्षिणी, भटसीमर पश्चिमी तथा अंधराठाढ़ी प्रखण्ड को गंगद्वार एवं मैलाम पंचायतों को जोड़ने वाली एकमात्र मुख्य सड़क है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

कटाव रोकना

*1106. श्रीमती उषा विद्यार्थी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत पालीगंज प्रखण्ड के चिकसी, नेरिया, चंढ़ौस एवं इब्रौपुर गांव के बगल से पुनपुन नदी प्रभावित होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नदी में बरसात के दिनों में अत्यधिक पानी का प्रवाह रहता है, जिससे खंड (1) में वर्णित सभी गांवों में कटाव हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कटाव को रोकने के लिए बोल्डर पीचिंग कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

पथ का पक्कीकरण

*1107. श्री संतोष कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत प्रखण्ड डबरूआ के पी0 एच0 जी0 एस0 वाई0 सड़क महतौर गांव से हरखली गांव तक कच्ची सड़क है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क को पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

भवन का निर्माण

*1108. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत खरीक नारायणपुर एवं विहपुर में डॉक्टर एवं नर्सों के रहने के लिए भवन एवं चहारदीवारी नहीं है जिसके कारण कोई डॉक्टर, नर्स स्थायी रूप से नहीं रहते हैं, जबकि विभाग द्वारा राशि का आवंटन दो वर्ष पूर्व ही कर दिया गया है, यदि हां, तो क्या सरकार वर्णित स्थान पर डॉक्टरों एवं नर्सों के लिए भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----------

जांच कराना

*1109. श्री अमन कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत कहलगांव प्रखण्ड में प्रधानमंत्री सड़क योजना के अन्तर्गत अकबरपुर ग्राम से लगहरिया 03 कि०मी० तक सड़क का निर्माण 1,13,52,785 रुपये की लागत से वर्ष जनवरी, 2009 में प्रारंभ किया गया जो जनवरी, 2010 में बनकर तैयार किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ का निर्माण किया गया है, जो एक वर्ष से कम अवधि में ही जर्जर हो गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि संवेदक को पंचवर्षीय मेंटेनेन्स हेतु 5,36,719 रुपये दिया जाता है, तब भी उक्त पथ की मरम्मती नहीं किया गया है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ की घटिया निर्माण का जांच कराते हुए उक्त पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पानी उपलब्ध कराना

*1110. श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत सोन नहर में पिछले पांच वर्षों से पानी नहीं आने के कारण आरा, उदवंतनगर, गड़हनी, चरपोखरी, संदेश प्रखण्डों के किसानों में त्राहिमाम् मचा हुआ है और किसान सुखाड़ की स्थिति से लड़ने में विफल हैं, यदि हां, तो सरकार उक्त नहर में पानी उपलब्ध कराने के लिए कौन-सी कार्रवाई और कबतक करने का विचार रखती है ?

----------

सिंचाई की व्यवस्था

*1111. श्री कन्हैया कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के सिहल्ला प्रखण्ड के मानपुर गांव में सिंचाई की समुचित व्यवस्था नहीं रहने की स्थिति में वहां के आम लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गांव में जमीन के नीचे पत्थर होने से गरीब किसानों द्वारा कुआँ आदि की व्यवस्था नहीं कर पाते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार सिंचाई हेतु कौन-सी व्यवस्था कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

लेन बनाना

*1112. श्री नितिन नवीन--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना शहर के दानापुर से लेकर पटना सिटी तक मैरीन ड्राईव के नाम से फोर लेन बनाने का निर्णय सरकार द्वारा वर्ष 2006 में ही लिया गया था, परन्तु इसे आजतक कार्यान्वित नहीं किया गया है, यदि हां, तो कबतक उक्त निर्णय को कार्यान्वित करने का विचार रखती है ?

--------

पथ की मरम्मती

*1113. श्री ज्ञानचन्द मांझी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि छपरा जिलान्तर्गत गड़खा प्रखण्ड के ग्राम पहाड़पुर से प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत पहाड़पुर-सिलोढ़ी पथ का निर्माण विगत पांच वर्ष पूर्व किया गया था, जो पूर्णतः जर्जर अवस्था में है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*1114. श्री आनन्दी प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के डोम सड़क नाम के कुर्साकांटा से तीरा जाने वाली सड़क प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना से स्वीकृत है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क में बकरा नदी के पडरिया घाट में पुल निर्माण की स्वीकृति नहीं हुई है, जिससे यातायात में लोगों को कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

अतिक्रमण से मुक्ति

*1115. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिले के मोतिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत नौरंगीया पंचायत के गंगया डीह पोखरा, धुन लखौरा बाजार, मंदिर पोखरा, बरवा के दोस्तिया पोखरा, नौरंगीया के टोटहर पोखरा, बरवा के सरसौला पोखरा, बहुआरी और झिटकहिया पोखरा, बरवा मुशहरी टोला पोखरा पर परसमिनी, ढेकहां बाजार पोखरा, पतौरा लाला टोला पोखरा, लखौरा भलवाही पोखरा, गढ़ी तालाब, रायसिंघा पोखरा, मलकौनिया पोखरा, बड़हरवा नाला पोखरा, चिलमिलिया पोखरा बरवा, लम्की पोखरा बरवा, झिटकहिया पोखरा सभी सरकारी तालाब है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त तालाबों के सीढ़ीघाट, सौंदर्यीकरण एवं सफाई के अभाव और स्थानीय जनता के अतिक्रमण के कारण सरकारी राजस्व अपेक्षा से कम प्राप्त होते हैं इसे मनरेगा से विकसित करने हेतु ग्राम पंचायत एवं पंचायत समिति में इसका प्रस्ताव 3 वर्षों से पारित है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मनरेगा से सीढ़ीघाट, सौंदर्यीकरण एवं सफाई और अतिक्रमण से मुक्त कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

सड़क का जीर्णोद्धार

*1116. श्री राम लषण राम ''रमण''--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत राजनगर प्रखण्ड में रामपट्टी से कैथाही, परसा होते हुए कोईलख तक जाने वाली 6 कि०मी० सड़क अत्यन्त जर्जर अवस्था में है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्य पूर्ण कराना

*1117. डॉ० रणविजय कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2006-07 में औरंगाबाद के गोह प्रखण्ड में मानार्ड से गोह रफीगंज पथ से डिहुरी से कुड़वा पथ, गोह रफीगंज पथ से डिहुरी से बन्देया पथ, गोह-उपहारा से आरंडा बसावनपुर पथ, गोह देवहरा पथ से कैथीनहर से खैरामोहन पथ एवं देवहरा से हसपुरा पथ तथा गोह रफीगंज पथ के तिनेरी मोड़ से लट्टा पथ निविदा प्रकाशित होने के उपरान्त कार्य भी प्रारम्भ किया गया, लेकिन उसे अभीतक पूर्ण नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथों का कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

* 1118. श्री मोती लाल प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सुप्पी एवं मेजरगंज प्रखंड अन्तर्गत डुमरी धड़वारा पथ मुख्य मंत्री सड़क योजना में स्वीकृत हुए तीन साल से अधिक हो गये हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि यह सड़क आजतक पूरा नहीं है जिसके कारण स्थानीय नागरिकों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक इस सड़क का निर्माण कराकर आवागमन चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

* 1119. श्री नौशाद अहमद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला अन्तर्गत प्रखंड ठाकुरगंज एवं पौठिया प्रखंडों के मध्य खरखरी भेरभेरी के बीच महानन्दा नदी पर पुल नहीं होने के कारण लाखों की आबादी को जिला मुख्यालय जाने के लिए 100 कि०मी० की दूरी अधिक तय करनी पड़ती है, यदि हां, तो सरकार कबतक महानन्दा नदी पर पुल बनाकर आवागमन चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नलकूप की मरम्मती

* 1120. श्री सदानन्द सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के गोराडीह, कहलगांव एवं सन्हौला प्रखंडों के राजकीय नलकूप विद्युत एवं यांत्रिक दोष के कारण खराब पड़े हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि गत वर्ष खरीफ मौसम में एवं वर्तमान रब्बी मौसम में वर्षा के अभाव के कारण किसानों के फसल की काफी क्षति हुई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सुखाड़ की भयावह स्थिति को देखते हुए इन खराब पड़े राजकीय नलकूपों की मरम्मती कराकर उसे चालू कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

--------

ऋण उपलब्ध कराना

* 1121. श्री आलोक रंजन--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार भूजल सिंचाई योजना के तहत् विभाग द्वारा स्वीकृत 58855 आवेदनों में से मात्र 30077 आवेदकों को ही ऋण उपलब्ध कराया गया है, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

''प''-* 1122. प्रो० चन्द्रशेखर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के सिंहेश्वर प्रखण्ड के नारियल विकास बोर्ड के पास एन०एच० से घैलाढ़ प्रखण्ड मुख्यालय को जोड़ने वाली ग्रामीण सड़क सं० 08 बीच में ही 07 कि०मी० कच्ची है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार वर्णित ग्रामीण कच्ची सड़क को पक्कीकरण करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट:- ''प''-ग्रामीण विकास विभाग से ग्रामीण कार्य विभाग में स्थानान्तरित।

सड़क का निर्माण

* 1123. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत अमदाबाद प्रखण्ड के पहाड़पुर छोटी मस्जिद से तांती टोला गेना तांती के घर तक सड़क का निर्माण नहीं होने के कारण ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार छोटी मस्जिद से तांती टोला, गेना तांती के घर तक पक्की सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

* 1124. श्री अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत महिषी प्रखण्ड के भेलाही से महेशपुर तक जाने वाली ग्रामीण सड़क आवागमन की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है, जिसका पक्कीकरण नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में आवागमन बाधित रहता है, यदि हां, तो क्या सरकार इस सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

धावा दल का गठन

* 1125. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि 14 वर्ष से कम आयु वाले बच्चों के नियोजन पर प्रतिबंध हेतु बाल श्रम निषेध अधिनियम, 1986 के तहत बाल श्रम पर पाबंदी है;

(2) क्या यह बात सही है कि बाल श्रम उन्मूलन, विमुक्ति एवं पुनर्वास को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2006 में सूबे के सभी जिलों में धावा दल का गठन किया गया है फिर भी राज्य में बाल श्रमिकों की संख्या वर्तमान में 11 लाख है, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है ?

**प्रभारी मंत्री**—(1) उत्तर आंशिक स्वीकारात्मक है।

बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के अन्तर्गत अधिनियम, की अनुसूची में अंकित 16 नियोजनों एवं 65 प्रक्रियाओं में 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों का नियोजन निषिद्ध है।

(2) उत्तर आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है।

वस्तुस्थिति यह है कि बाल श्रम उन्मूलन/विमुक्ति हेतु जून, 2007 से धावा दलों के माध्यम से लगातार सघन अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। बाल श्रमिकों की विमुक्ति हेतु एक व्यापक राज्य कार्य योजना की स्वीकृति दिनांक 16 जून, 2009 को मंत्रिपरिषद द्वारा दी गयी है, जिसके अनुसार कार्रवाई जारी है।

वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार राज्य में बाल श्रमिकों की संख्या 11,17,500 बतायी गयी है। परन्तु राज्य में उपरोक्त अधिनियम के द्वारा निषिद्ध नियोजनों में बाल श्रमिकों का सर्वेक्षण नहीं हो सका है। आगामी वित्तीय वर्ष में बाल श्रमिकों का सर्वेक्षण राज्य की सुप्रसिद्ध संस्था अनुग्रह नारायण सिन्हा समाज अध्ययन संस्थान, पटना से कराने पर विचार किया जा रहा है।

सड़क का निर्माण

*1126. श्री जवाहर प्रसाद--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलांतर्गत अमरा तलाव से लेकर सुअरा हवाई अड्डा तक पुरानी जी०टी० रोड अति जर्जर हो गया है जिसके कारण आये दिन दुर्घटनाएँ होती रहती हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क बनाने पर विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

कटाव की रोकथाम

*1127. श्री रामायण मांझी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत घाघरा नदी के किनारे बसे गुठनी प्रखंड के ग्राम गयासपुर, मैरीटार तथा गंडक नदी के ग्राम सोहगरा, गुठनी जोगीपाड़ी है तीर बीआ तथा दरौली प्रखंड के ग्राम डुमरहर बुजुर्ग, खुर्द, केवटलीया, अमरपुर, टोका घाघरा नदी से गांव अनवरत कटाव से प्रभावित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कटाव से बचाने हेतु अभीतक उक्त गांव में कोई निरोधक कार्य नहीं किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त प्रखंडों के प्रभावित गांवों में कटाव निरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

नलकूप को चालू करना

*1128. श्री अम्बिका सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत नवार्ड फेज-11 से 139 नलकूप लगाने की योजना थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2006-07 में विभाग द्वारा एकरारनामा हुआ और आजतक एक भी नलकूप चालू नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नलकूप चालू कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

सड़क का निर्माण

*1129. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत प्रखण्ड बिहिया के इंग्लिशपुर गांव की आबादी एक हजार रहने के बावजूद आजतक उक्त गांव को मुख्य सड़क से नहीं जोड़ा गया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त गांव को मुख्य सड़क से जोड़ने हेतु सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नदी की उड़ाही

*1130. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बेलसंड प्रखण्ड अन्तर्गत डुमरिया घाट से चंदौली स्लूईस गेट तक बागमती नदी की उड़ाही विगत् पाँच वर्षों से नही की गयी है, जिससे किसानों को सिंचाई सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड के डुमरिया घाट पर नदी की उड़ाही कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

जमीन की सिंचाई

*1131. श्री जवाहर प्रसाद--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत सासाराम प्रखण्ड के ग्राम वजीरगंज के पास काव नदी में फाल बनाया गया है जो खेतीयुक्त जमीन से भी नीचा है, जिससे उक्त फाल से किसानों को पर्याप्त लाभ नहीं मिल पाता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त फाल को ऊँचा कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

नलकूप को चालू करना

*1132. श्री राहुल कुमार--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला के काको प्रखंड, मोदनगंज प्रखंड,घोसी प्रखंड एवं हुलासगंज प्रखंडों के अभी तक लगे सभी राजयकीय नलकूप विगत् 4 वर्षों से चालू नहीं है जिससे उक्त चारों प्रखंड सुखाड़ से प्रभावित हो गई है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या उक्त चारों प्रखंड में लगे राजकीय नलकूपों को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

पथ का निर्माण

*1133. डॉ० नरेन्द्र कुमार पाण्डेय--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत आरा-सहार पथ में प्रखंड अगिआंव से खैरा तक पथ बनाने हेतु निविदा हुए एक वर्ष हो चुका है, जिसकी निर्माण गति बहुत धीमी है, जबकि उक्त कार्य को एक वर्ष के अन्दर पूर्ण करना था ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

सड़क का निर्माण

*1134 श्री सुबोध राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के असियाचक गांव से मझली गांव होते हुए हथिचौक तक तथा शाहकुंड प्रखण्ड में रतनगंज से नारायणपुर होकर एजौर और सुचौर से पबई तक सड़क की स्थिति काफी जर्जर है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, सरकार उपर्युक्त सड़कों का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*1135. श्री राम बालक सिंह— क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत समस्तीपुर प्रखंड के धुरलक पंचायत में आदर्शनगर मुहल्ला के वार्ड 15 के गली नं० 1ई में श्री विद्यानन्द झा के घर से श्री अजय कुमार सिंह के घर तक कच्ची सड़क है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क सालों भर पानी एवं कीचड़ से भरा रहता है जिससे सैकड़ों की आबादी को कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

----------

भवन का निर्माण

*1136. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह—क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत शाम्हो अकहा, कुरहा प्रखंड में स्वास्थ्य केन्द्र छुमन्तु की स्थिति में है;

(2) क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा भवन निर्माण विभाग को भवन निर्माण वास्ते 2007 में 37,00,000 लाख रुपये दी गई तथा भवन निर्माण विभाग द्वारा निविदा की सारी प्रक्रिया कर निविदादाता को निविदा दी गई, बावजूद भी भवन निर्माण कार्य अधूरा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उदासीनता बरतने वाले निविदादाता व पदाधिकारी पर कार्रवाई करते हुए भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

सिंचाई की व्यवस्था

*1137. श्री शालिग्राम यादव—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत महादेवपट्टी गांव में हर राहा बांध से वर्षों से सिंचाई का काम होता है जिसके टूट जाने से उस गांव में सिंचाई काम बाधित है;

(2)यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जनहित में उस बांध का निर्माण कराकर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

पथ का निर्माण

*1138. श्री कृष्ण कुमार ऋषि— क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के बनमनखी प्रखंड के एन०एच० 107 मेन रोड में राधानगर ग्रामीण कार्य विभाग का पथ 10 वर्षों से जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ जर्जर होने से आम जनता को काफी परेशानी होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ का जीर्णोद्धार

*1139. श्री विनोद प्रसाद यादव—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत डोभी के डोभी चतरा पथ के गोसाईडीह से धोडाघाट बाजार पथ एवं डोभी प्रखंड के जी०टी० रोड से कुशा होते हुए केशापी पथ की स्थिति जर्जर है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथों का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

-----------

सड़क का चौड़ीकरण

*1140. श्री जितेन्द्र कुमार राय—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के एन०एच० 102 गरखा बाजार से खोदाईबाग, नगरा बाजार, खाकी मठिया चेतन छपरा एन०एच०101 तक जाने वाली सड़क की स्थिति काफी दयनीय है;

(2) क्या यह बात सही है कि दो राष्ट्रीय राज मार्गों को जोड़ने के कारण इस सड़क पर भारी वाहनों का आवागमन होता है;

(3) क्या यह बात सही है कि इस सड़क के क्षतिग्रस्त रहने के कारण साल में छः महीने इसपर आवागमन बाधित रहता है जिससे जनता को काफी कठिनाई होती है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त सड़क का चौड़ीकरण करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

-----------

वीयर का निर्माण

*1141. श्री गिरिधारी यादव— क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत पुलीडुमर प्रखंड स्थित घुठियारा वीयर की निर्माण विगत पांच वर्षों से लंबित है, जिसके कारण किसानों की जमीन असिंचित रह जाती है, यदि हां तो क्या सरकार उक्त वीयर का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

-----------

सड़क का पक्कीकरण

*1142. श्री अब्दुल गफूर— क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत महिषी प्रखंड के सरोनी से मैसरहों जाने वाली सड़क पक्कीकरण नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में आवागमन बाधित रहता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

* 1143. <u>डॉ० इजहार अहमद</u>--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलांतर्गत बिरौल प्रखंड के साहो पंचायत के पटनियां के पटनियाँ कब्रिस्तान से भाया रामपुर मटियारा घाट, नवभरन गांव तक सड़क ध्वस्त है जिसे मुख्य सड़क से अभीतक जोड़ा नहीं गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराकर मुख्य सड़क से जोड़ने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

भवनों का जीर्णोद्धार

* 1144. <u>श्री दुर्गा प्रसाद सिंह</u>--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के उजियारपुर प्रखण्ड मुख्यालय का भवन जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन जर्जर हो जाने से प्रखण्ड के कर्मचारियों को कार्य करने में असुविधा होती है एवं कागजातों को सुरक्षित रखना मुश्किल हो जाता है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार प्रखण्ड के भवनों के जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

भवन का निर्माण

* 1145. <u>श्री प्रदीप कुमार</u>--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र काशीचक के चिकित्सकों एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों का आवास एवं घेराबंदी के लिये कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग, नवादा के कार्यालय में विगत तीन वर्षों से राशि रखा हुआ है परन्तु आजतक निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो तीन वर्षों तक राशि रखे रहने के बावजूद भवन निर्माण नहीं करवाने का क्या औचित्य है ?

-------

पुल का निर्माण

* 1146. <u>श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा</u>--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत गुरुआ प्रखण्ड के पश्चिम पकरी पंचायत में करी गांव के पास नहर पर पुल नहीं रहने के कारण हजारों हजार को आवागमन की सुविधा नहीं है, इस गांव से दूसरे गांव आना-जाना संभव नहीं हो पा रहा है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त नहर पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

पथ का पक्कीकरण

* 1147. <u>श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह</u>--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत कल्याणपुर प्रखंड के पकड़ीदीक्षित क्षामलाल राय के नोआस से पकड़ीकोठी होते हुए हाई स्कूल पीपराखेम तक जाने वाली सड़क 4 कि०मी० काफी जर्जर है, जिससे आम लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार इस पथ को पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

-------

नलकूप चालू करना

* 1148. <u>श्री संजय सिंह टाइगर</u>--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत कुल 340 सरकारी नलकूप है जिनमें से मात्र 90 चालू अवस्था में तथा 250 नलकूप विगत् 15 वर्षों से बन्द पड़े हुए हैं, जिससे वहां के किसानों को कृषि कार्य पर बुरा असर पड़ रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार वहां के कृषकों की कठिनाइयों को देखते हुए बन्द पड़े नलकूपों को चालू कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

जलजमाव पर रोक

* 1149. श्री मो० आफाक आलम--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत कसबा प्रखण्ड के कमालपुर से कजरा पीच रोड तक का 2 किलोमीटर कच्ची सड़क में जलजमाव होने के कारण आवागमन में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त जलजमाव पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

धीमी प्रगति का औचित्य

* 1150. श्री ललन राम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा प्रारम्भ की गयी ''आपकी सरकार आपके द्वार'' योजनान्तर्गत गया जिला के ईमामगंज प्रखण्ड एवं डुमरिया प्रखण्ड के पांच-पांच पंचायतों का चयन किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त महत्वाकांक्षी योजना द्वारा इन दस पंचायतों में से अबतक मात्र वित्तीय वर्ष 2006-07 में एक सड़क का ही निर्माण किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त योजना की धीमी प्रगति का क्या औचित्य है?

--------

सड़क का निर्माण

* 1151. श्री रामानन्द राम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत नावकोठी प्रखंड स्थित छतौना घाट से लेकर विन्देश्वरी सिंह के निवास स्थान होते हुए नाव कोठी सती स्थान से खरहा वृक्ष मेन रोड तक सड़क नहीं रहने के कारण प्रखंड अनुमंडल एवं जिला मुख्यालय जाने में स्थानीय लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सराकर उक्त वर्णित सड़क का निर्माण कर आवागमन को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल बनाना

* 1152. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के दरभंगा शहर के बीचोबीच बागमती नदी के महाराजी पुल पर 10 वर्षों से भारी वाहन का परिचालन बंद है;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त पुल पर कभी भी दुर्घटना घटित हो सकती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त पुल के बदले दूसरी पुल बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

* 1153. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय विधान-सभा क्षेत्र अंतर्गत बड़हिया प्रखण्ड के ज्वास ग्राम एन०एच० 80 से मात्र एक किलोमीटर की दूरी पर है;

(2) क्या यह बात सही है कि ज्वास ग्राम से एन०एच० 80 पर आने के लिए सड़क मार्ग नहीं है, जिस कारण ग्रामीणों को एन०एच० 80 पर आने में अन्य दिनों के साथ-साथ बरसात के दिनों में काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ग्राम ज्वास के लोगों को एन०एच० 80 पर आने के लिए सड़क मार्ग का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ का जीर्णोद्धार

*1154. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत बिहपुर प्रखंड के जयरामपुर हाई स्कूल रोड नं०-14 से वार्ड नं०-11 प्रधानमंत्री ग्राम सड़क पहुंच पथ तक की सड़क तथा बिहपुर प्रखंड के ही सोनवर्षा दुमुंही चौक से एन०एच०-31 तक एवं सोनवर्षा दुमुंही चौक से भ्रमरपुर दुर्गा स्थान होते हुए एन०एच० 31 तक पर गाड़ियों का आवागमन बड़ी संख्या में होता है परन्तु उक्त सड़कों के जर्जर रहने के कारण दुर्घटनाएं घटती रहती है, और यदि हां, तो क्या सरकार आम जनों के जान की सुरक्षा एवं सुगम यातायात हेतु उक्त पथों का जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

नलकूप चालू करना

*1155. श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत बड़हरा, कोईलवर, संदेश, उदवंतनगर और आरा प्रखंडों में स्थित राजकीय नलकूपों में से 90 प्रतिशत नलकूप यांत्रिक एवं विद्युत् दोष से बंद है, यदि हां, तो क्या सरकार उपरोक्त बंद पड़े नलकूपों को चालू कराने के लिए कौन-से कदम उठाने का विचार रखती है ?

---------

स्लूईस गेट खोलना

*1156. डॉ० उषा विद्यार्थी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत पालीगंज प्रखंड में जमुई सिगोड़ी पथ के मध्य में धरना बांध के समीप पुल है;

(2) क्या यह बात सही है कि धरना बांध पर सड़क बनाने के क्रम में स्लूईस पुल बन्द कर दिया गया है जिसके फलस्वरूप सिंचाई कार्य बाधित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर स्लूईस गेट खोलने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पक्कीकरण

*1157. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह-क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत उजियारपुर प्रखंड के चांदचौर मध्य पंचायत में चपता मखनियां टोला में श्री रामस्वरूप सिंह के घर से बाबू पोखर चौक तक का सड़क जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क सालों भर पानी एवं कीचड़ से भरा रहता है, जिससे सैकड़ों की आबादी को कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*1158. श्री अवनीश कुमार सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण से बैरगनिया नेपाल जानेवाले पथ में लालबकेया नदी के जमुआ घाट पर पुल नहीं रहने के कारण आवागमन बाधित है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार जनहित में उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ का जीर्णोद्धार

*1159. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण कार्य प्रमंडल-2 गया के अधीन नवादा भाया श्री रामपुर, बलडोहरी पथ को स्थिति जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि गया चेरकी मुख्य पथ के ग्राम जोगापुर में इसमाइलपुर होते हुए गुफा पथ एवं जी०टी० रोड, गोपालपुर से पलहेत कुटिया पथ की स्थिति जर्जर है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथों का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथों की मरम्मती

*1160. श्री श्रवण कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के अन्तर्गत ग्रामीण कार्य विभाग की पथ रसलपुर, धरमपुर हवाईअड्डा गोलापुर से बड़ारा हाई स्कूल पथ, परवलपुर वेन पथ से महाविगहा पथ, अंडवस से अमीरगंज पथ, गोरौर ग्रामीण पथ, कथौली ग्रामीण पथ, दरूआरा ग्रामीण पथ, केवई डिह ग्रामीण पथ, हसनपुर-नाहब पथ, साई पर से वसुएन पथ भाया, नोनही पथ की हालत जर्जर है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथों की मरम्मती कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*1161. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरारू प्रखंड के गुरारू अरीयापुर सड़क से गरजू बिहगा होते हुए समता उच्च विद्यालय क्रान्ति नगर की सड़क विगत पांच वर्षों से ऊपर से जर्जर स्थिति में है तथा आवागमन बाधित है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क की पुनर्निर्माण कराकर आवागमन को चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पक्कीकरण

*1162. श्री संतोष कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत बायसी प्रखंड के ग्राम पंचायत माला हरिणतोर के माला ग्राम से ग्वाल गांव से चौनी हटगाछी होते हुए विषहरी पी०एम०जी०एस०वाई० 51 सड़क तक पक्कीकरण नहीं होने से आवागमन में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण (कालीकरण) करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*1163. श्री मदन सहनी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिले के हनुमाननगर प्रखंड अन्तर्गत गोठियारी पंचायत के नीमा नदी पर पुल नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि हनुमान नगर के बारह पंचायत एवं बहादुर पुर के दो पंचायत के लोगों को दरभंगा शहर आने-जाने में काफी कठिनाईयां होती है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नल कूप चालू कराना

*1164. श्री अवनीश कुमार सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत चिरैया विधान-सभा क्षेत्र अंतर्गत 95 प्रतिशत राजकीय नलकूप बंद पड़े हुए हैं , जिसके कारण किसान सुखाड़ का सामना करने में विफल हैं, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त बन्द पड़े राजकीय नलकूपों को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क की मरम्मती

*1165. श्री जावेद इकबाल अंसारी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिले के अन्तर्गत बांका-कटोरिया मुख्य मार्ग से डाँड़ा गांव के ओढ़नी नदी तथा बाराहाट प्रखण्ड में भागलपुर दुमका मुख्य मार्ग से चिहार गांव तक का सड़क काफी जर्जर स्थिति में है, जिससे आवागमन में स्थानीय नागरिकों को काफी असुविधा होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*1166. श्री प्रेम रंजन पटेल--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लक्खीसराय जिला में 2010 तक मुख्य मंत्री सड़क योजना के तहत प्राप्त आवंटन से सड़क निर्माण हेतु जिला संचालन समिति द्वारा योजना का चयन किया जा चुका है;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक सड़क निर्माण का कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मुख्य मंत्री सड़क योजना के तहत् चयनित सड़कों के निर्माण कराने का विचार रखती है, अगर हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क की मरम्मती

*1167. श्री सुरेन्द्र मेहता--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बीरपुर प्रखंड से मोहनपुर गांव का विगत 10 वर्ष पूर्व सड़क पर यातायात व्यवस्था थी परन्तु वर्तमान में सड़क टूट फूट गया है जिससे वाहनों का आवागमन बाधित होता है, यदि हां, तो सरकार उक्त वर्णित सड़क को कबतक मरम्मत कराने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का जीर्णोद्धार

*1168. श्री अमन कुमार--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत कहलगांव से बाराहाट भाया नन्दलालपुर रोड से जाने वाली मुख्य सड़क 10 कि०मी० का विगत् 5 वर्षों से अत्यन्त जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, यदि हां, तो क्या सरकार इस पथ का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

पुल बनाना

*1169. श्री परमानन्द ऋषिदेव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के भरगामा प्रखण्ड से बनमनखी पूर्णियां जाने के पथ में सतबेर घाट में पुल नहीं रहने के कारण उस क्षेत्र की जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ में सतेवर घाट पर पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क बनाना

*1170. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग,यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत मनिहारी प्रखण्ड के दिलारपुर-रतनपुर पक्की सड़क से पश्चिम सीज नं० 5,6,7,8, में बसे कटाव पीड़ित लोगों के लिए सड़क पर आने का कोई सड़क मार्ग नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि बरसात में पक्की सड़क पर आने के लिए नाव का ही एकमात्र सहारा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उनके लिए सड़क बनाने का विचार रखती है, अगर हां, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

---

तटबंध की मरम्मती

*1171. श्री राज कुमार राय--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के बाढ़ नियंत्रक प्रमण्डल अन्तर्गत 57 कि०मी० से 75 कि०मी० तक करेह तटबंध के पश्चिमी भाग के तटबंध की स्थिति जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त तटबंध के कटावग्रस्त भटवन, बाहपुर, सखवा, भिखनौलिया, करौंची आदि स्थलों पर बांध जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है;

(3) क्या यह बात सही है कि करेह तटबंध के पूर्वी भाग में अवस्थित ग्राम-लरझा, तेलसन्डी, छेछनी से ग्राम-लाद तक तटबंध पूर्णरूपेण ध्वस्त हो चुका है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार करेह तटबंध के पूर्वी एवं पश्चिमी भाग को सुदृढ़ीकरण करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

---

पुल का निर्माण

*1172. श्री देवंती यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के नरपतगंज प्रखण्ड के बरहाड़ा पंचायत के जे०बी०सी० बिन्दु दूरी 25 आर०डी० बाबुजी ऋषिदेव टोला के नजदीक नहर पर पुल नहीं रहने से वहां की जनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त जे०बी०सी० बिन्दु दूरी 25 आर०डी० बाबुजी ऋषिदेव टोला के नजदीक नहर पर आर०सी०सी० पुल निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*1173. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत काराकाट प्रखण्ड के सेनसागर गांव के समीप कॉव नदी में वर्ष 2004 से ही पुल बनकर तैयार है परन्तु सासाराम-विक्रमगंज मुख्य सड़क में मिलाने हेतु आधे कि०मी० का सम्पर्क पथ का अभीतक निर्माण नहीं कराये जाने से ग्रामीण सहित प्रशासनिक नियंत्रण में भी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार सम्पर्क पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*1174. श्री कृष्णनंदन यादव— क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के अतरी प्रखंड के मानपुर सरवहदा पथ के बदरा मोड़ से ग्राम बहल मुड़ेरा तक जाने वाली ग्रामीण सड़क की स्थिति काफी खराब है, जिसके कारण ग्रामीणों को काफी कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त ग्रामीण सड़क का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का निर्माण

*1175. श्री रामदेव महतो—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के मधुबनी कोतवाली चौक से झंझारपुर जाने वाली सड़क जर्जर हो गया है तथा उक्त सड़क मधुबनी जिला मुख्यालय से झंझारपुर सबडिवीजन को जोड़ती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क को कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क की सुविधा

*1176. श्री राम सेवक हजारी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2008-09 में निर्णय लिया है कि वैसे ग्रामीणों को जिनके गांवों से मुख्य सड़क तक आने में कठिनाई होती है, उन्हें गांव से मुख्य सड़क तक आने-जाने की व्यवस्था सरकार करेगी;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त निर्णय के आलोक में समस्तीपुर जिला के कल्याणपुर, जखरा, मधुबन, रघुनाथपुर, डुमरवन्ना एवं किशनपुर आदि गांवों के ग्रामीणों को मुख्य सड़क तक आने-जाने की सुविधा नहीं है तथा ये 75 प्रतिशत पिछड़ी, अति पिछड़ी एवं दलित एवं अल्पसंख्यक परिवार के लोग हैं;

(3)यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त निर्णय के खंड (2) में वर्णित मुख्य सड़क तक आने-जाने की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पथ का पक्कीकरण

*1177. श्री अशोक कुमार सिंह— क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1)क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के रफीगंज विधान-सभा क्षेत्र अन्तर्गत देव-टंडवा रोड से मंजरवर, सैलोपुर, दधिया अहार होते जैन बिगहा, लोदीपुर अहार होते भदवा, औरंगाबाद पथ तक ग्रामीण पथ कालीकरण नहीं हुआ है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है;

(2)यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ का पक्कीकरण करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

पथ का जीर्णोद्धार

*1178. श्री सबा जफर—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1)क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिले के अमौर प्रखंड में बरबट्टा पंचायत से भवानीपुर पंचायत को जोड़ने वाली बरबट्टा-सहलों पथ जर्जर स्थिति में है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार बरबट्टा-सहलों पथ का जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## पुल का निर्माण

*1179. श्री सत्यदेव सिंह— क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत कथनी विधान-सभा क्षेत्र के सूर्यपुर वंशी प्रखंड के पुनपुन नदी से निकलने वाला नेनूआ नाला में ग्राम सिद्धकारपुर के पास पुल नहीं होने से आवागमन में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

## कटाव की रोकथाम

*1180. श्री श्याम बिहारी प्रसाद— क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के वन कटावा प्रखंड अन्तर्गत ग्राम-बेला और जीतपुर की आबादी पांच हजार है, तथा उसके समीप टीयर नदी बहती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त टीयर नदी के कटाव से ग्राम-बेला और जीतपुर को जाने वाली सड़क नदी के गर्भ में चला गया है और 5000 की आबादी का प्रखंड मुख्यालय से सम्पर्क टूट चुका है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार टीयर नदी के कटाव को रोकते हुए यातायात को चालू कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

## पथ का निर्माण

*1181. श्री हरिनारायण सिंह— क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत नगरनौसा के एन०एच० 30-ए से हरनौत प्रखंड के कल्याण बीघा तक 20 कि०मी० लम्बा पी०एम०जी०एस०वाई० पथ है, जो चेरो कल्याण बीघा बहादुरपुर पथ लोक निर्माण पथ को जोड़ती है;

(2) क्या यह बात सही है कि वह पथ अति घनी आबादी से गुजरती है जो सैकड़ों गांव के आवागमन का साधन है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पथ का निर्माण कराना चाहती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

## रिक्त पदों पर पदस्थापन

*1182. डॉ० अच्युतानंद— क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, शिवहर जिलों में पंचायत सेवकों के 32 पद रिक्त हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि आठ पंचायत सेवक के जिम्मे दो-तीन पंचायतों का प्रभार दिया गया है, जिससे विकास कार्य बाधित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायत सेवकों के रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

## अतिक्रमण से मुक्ति

*1183. श्री तार किशोर प्रसाद— क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार स्थित आई०टी०आई० का हृदयगंज स्थित परती भू-खंड लीज पर खेती हेतु मो० हारूण को वर्ष 2010 में दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि मो० कासिम, मो० सफीक, अब्दुल नसीव, अफसर अली एवं कब्र आदि में अतिक्रमण कर लिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अनिश्चित उक्त अतिक्रमणकारियों से भू-खंड के अग्र भाग को मुक्त कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*1184. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत घोघरडीहा प्रखण्ड स्थित घोघरडीहा हटनी पथ निर्माण विभाग की सड़क से अलोला मैनही अपही देवनाथ पट्टी तक औन बरली सड़क काफी जर्जर है और आवागमन के लायक नहीं है ;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क के नव-निर्माण हेतु कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------

राशि खर्च करने का औचित्य

*1185. श्री राम बालक सिंह--स्थानीय हिन्दी दैनिक दिनांक 22 अगस्त, 2009 को प्रकाशित शीर्षक ''सरकारी आवास पर अवैध कब्जा'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना स्थित गर्दनीबाग, शास्त्रीनगर, राजवंशीनगर तथा आर० ब्लॉक के सरकारी आवासों की मकान को अवैध लोगों द्वारा तोड़-फोड़ कर ऐसा बना दिया गया है, ताकि वह मकान आवंटन योग्य नहीं रहे;

(2) क्या यह बात सही है कि जर्जर आवास के मरम्मत के नाम पर विभाग द्वारा हर साल राशि का आवंटन एवं व्यय किया जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जर्जर सरकारी आवास के मरम्मत के मद में राशि खर्च करने का क्या औचित्य है ?

------

आवास की व्यवस्था

*1186. श्री जनार्दन मांझी--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत अमरपुर विधान-सभा के अमरपुर नगर पंचायत में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले की संख्या 4% है, जिनके पास लालकार्ड पीलाकार्ड भी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा प्रत्येक बी०पी०एल० परिवारों को एक-एक इंदिरा आवास बनवाने का निर्णय वर्ष 2005 में लिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खण्ड (2) में वर्णित नगर पंचायत के बी०पी०एल० परिवारों को इंदिरा आवास योजना का लाभ देने हेतु कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

------

नलकूप चालू करना

*1187. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर मानिक चौक (11) रामनगर, धुम्मा (11) एवं गौड़ा के नानपुर में संयुक्त दोष से ट्रांसफॉर्मर एवं पोल के अभाव तथा अन्य दोष से उक्त नलकूप विगत् दस वर्षों से बन्द है ;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त बंद नलकूप को चालू कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*1188. श्री दिनकर राम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बथनाहा विधान-सभा क्षेत्रांतर्गत (क) डायनछपरा पी०डब्लू०डी० पथ से मदन सिंह के आवास तक, (ख) दलित बैठका से संजीव सिंह के आवास तक, (ग) हरपुर कला महावीर राम के चौक से डुमरी कला चम्पावती स्थान होकर रामकलेवर सिंह के घर होते हुए चकरघाटा की ओर जाने वाली सड़क, (घ) कुम्मा-सोरगहियां से लोहखर चौक जानेवाली, (च) खरबी नवोदय विद्यालय से कलमदह चौक के प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क तक, (छ) मधेसरा से हनुमाननगर होते हुए तिरंगी तक तथा (ज) घुरघुरा से भलुआहा होते हुए परसामढ़िया होते हुए मधेसरा तक की सड़कें बिल्कुल जीर्ण-शीर्ण एवं कच्ची हैं जिसके कारण बरसात में आम जनता का आवागमन बंद हो जाता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़कों का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

सड़क का पक्कीकरण

*1189. श्री अख्तरूल इस्लाम साहीन--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के बुढ़ी गण्डक नदी के बाएं तटबंध पर चकनूर (स्लुईस गेट) ढाला से भाया चीनी मिल के करीब होते हुए मगरदही पुल तक जाने वाली सड़क यातायात के दृष्टिकोण से काफी जनोपयोगी है, पक्कीकरण नहीं हुआ है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

सड़क का निर्माण

*1190. श्री तार किशोर प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला में प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना अन्तर्गत हसनगंज द्वाशय पथ का निर्माण कार्य 2007 से प्रारंभ हुआ है लेकिन आजतक निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

नहर का निर्माण

*1191. श्री शालिग्राम यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत पश्चिमी कोशी नहर का खजौली प्रखण्ड के सुक्की गाँव तक कार्य शेष नहर का कार्य अभीतक पूरा नहीं होने के कारण पटवन का काम नहीं हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि हरलाखी, रुध्वापुर, बेनीपट्टी तथा बिस्फी प्रखण्ड के किसान पटवन की सुविधा से अभीतक वंचित होने के कारण धान तथा रब्बी की फसल दो सालों से पूर्णतः बर्बाद हो जाती है ;

(3) क्या यह बात सही है कि नहर का निर्माण कार्य अधूरा होने के कारण किसानों के खेतों तक पानी नहीं पहुंच पाता है, जिससे किसानों की फसल मारी जाती है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार पश्चिमी कोशी नहर का निर्माण कार्य पूरा कराकर किसानों को पटवन की सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

बाईपास का निर्माण

*1192. श्री रामेश्वर प्रसाद--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के नोखा बाजार में नोखा-नोनसारी पथ अत्यंत व्यस्तम पथ है;

(2) क्या यह बात सही है कि नोखा बाजार बाईपास नहीं बनने के कारण नासरीगंज पथ पर प्रत्येक दिन वाहनों के आवागमन के कारण जाम रहता है;

(3) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2006 से ही उक्त पथ के बाईपास निर्माण हेतु विभाग में योजना स्वीकृत है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नोखा-नासरीगंज पथ पर नोखा बाजार के पास बाईपास बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*1193. श्री विनोद नारायण झा--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के पुपरी से झंझारपुर तक के राज्य उच्च पथ में बेनीपट्टी अनुमंडल के अरेर खण्ड में मकिया चौक के पास दो पुलों तथा पानी एवं शिवनगर में पुलों का निर्माण नहीं हुआ है, जिससे बरसात के मौसम में यह पथ पूर्ण रूप से बाधित हो जाता है, यदि हां, तो सरकार उक्त राज्य उच्च पथ के पुलों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

---------

पथ का जीर्णोद्धार

*1194. श्री गिरिधारी यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत बेलहर प्रखंडान्तर्गत नक्सल प्रभावित बेलहर संदीपी सड़क जर्जर स्थिति में है, जिसके कारण नक्सलियों पर अंकुश लगाने में कठिनाई हो रही है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का निर्माण

*1195. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के चोखडा प्रखण्ड के भवन निर्माण हेतु ग्रामीण विकास विभाग के पत्रांक-11/अ०, दिनांक 28 जनवरी, 2009 द्वारा 3 करोड़ 9 लाख 52 हजार राशि समाहर्त्ता, सीतामढ़ी को उपलब्ध करा दिया गया है, जिसका निर्माण कार्य अभीतक बाधित है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त चोखडा प्रखण्ड कार्यालय भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

बाईपास का निर्माण

*1196. श्री रामेश्वर प्रसाद--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला में नोखा बाजार में नोखा-राजपुर पथ अत्यंत व्यस्तम पथ है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त बाजार के पास नोखा राजपुर पथ पर प्रत्येक दिन वाहनों के आवागमन के कारण जाम रहता है;

(3) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2006 से ही उक्त पथ के बाईपास निर्माण हेतु विभाग में योजना स्वीकृत है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नोखा-राजपुर पथ पर नोखा बाजार के पास बाईपास बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

रिक्त पदों पर नियुक्ति

*1197. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जल संसाधन विभाग में कनीय से लेकर प्रमुख अभियंता के 7207 सृजित पद के विरुद्ध 4037 ही कार्यरत अभियंता हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि कुल 3170 अभियंताओं के पद वर्षों से रिक्त पड़े हैं, रिक्त पदों पर वर्ष 1979 के बाद बड़े पैमाने पर बहाली का काम नहीं हुआ है, जिसके कारण विकास के कार्यों में गति नहीं आ रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार रिक्त पड़े अभियंताओं के पद पर नियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पम्प का वितरण

*1198. श्री श्याम बिहारी राम--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला में रोहतास प्रखण्ड में वर्ष 2010 में 200 डीजल पम्प का क्रय किया गया है, जबकि क्रय किये गये डीजल पम्प को आजतक वितरित नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त डीजल पम्प को कबतक वितरित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

योजना का कार्यान्वयन

*1199. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के नवीनगर विधान-सभा अन्तर्गत विशुनपुर उप वितरणी, पांती माइनर, रमडीहा माइनर, फुटहरवा माइनर, तेतरिया माइनर, घुजा कसौटियों जलवाहा का मिट्टी कार्य एवं संरचना कार्य भू-अर्जन के अभाव में नहीं हो पा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना के नहरों के निर्माण के लिए भू-अर्जन विभाग को 2.30 करोड़ रुपये वित्तीय वर्ष 2009-10 में उपलब्ध कराये जा चुके हैं;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त योजनाओं को पूरा कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*1200. श्री रामदेव महतो--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के पंडौल से मकरमपुर होते हुए फोरलेन को जोड़नेवाली ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क पूरी तरह से जर्जर हो गयी है, जिसके कारण आवागमन बाधित है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सिंचाई सुविधा देना

*1201. श्रीमती कुमारी मंजू वर्मा—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत सिहमा पंचायत से निकलनेवाली विशाल कोल्हासन बहियार समेत अन्य बहियारों एवं चौरों से जल निकासी कर काँवर बहियार में जल जमाव की स्थिति है ;

(2) क्या यह बात सही है कि छोड़ाही, खोदावंदपुर, चेरिया बरियारपुर, गढ़पुड़ा एवं बखरी प्रखंड के लगभग 10 हजार एकड़ भूमि पर किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बहियारों का जल निकासी कर काँवर बहियार में गिराकर किसानों को समुचित सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*1202. श्रीमती उषा सिन्हा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत परवलपुर प्रखंड का कार्यालय सामुदायिक भवन में संचालित हो रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार परवलपुर प्रखंड का कार्यालय भवन बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

वितरणी का जीर्णोद्धार

*1203. श्री राजेश्वर राज—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत किसानों की सिंचाई सुविधा हेतु सकला वितरणी है, जिसकी लम्बाई 25 कि०मी० निरंजनपुर गांव तक की है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त वितरणी की स्थिति काफी जर्जर एवं जल प्रवाह की भी क्षमता कम होने से मात्र गोड़ारी तक के ही किसानों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो पाती है, शेष निरंजनपुर तक में पड़ने वाले किसानों को सिंचाई सुविधाओं से वंचित रहना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वितरणी को जीर्णोद्धार कराकर जल प्रवाह की क्षमता में वृद्धि करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*1204. श्री विनोद कुमार सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत आजमनगर प्रखण्ड के अधीन बैला आमगाछ से राजावाड़ी जय प्रकाश नगर बलतर गांव होते हुए राजा नगर तक नारायणपुर से मुकुड़िया बगडार होते हुए प्रधान मंत्री सड़क तक पलसा तिमुहानी से जोकड़ मनोहर पाड़ा हाट बरील होते हुए हाजडा तक हारबरील से खोखसीवाद बथना होते हुए बंगाल बोर्डर कुमेरपुर तक एवं बलतर रेलवे ढाला से लौदिया होते हुए नारायणपुर प्रधान मंत्री सड़क तक कच्ची रोड है जो जर्जर की स्थिति में है, यदि हां, तो उक्त सड़कों को पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

---

नलकूप चालू करना

*1205. श्री प्रदीप कुमार—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीबरावां प्रखंड के ग्राम पोक्सी स्थित राजकीय नलकूप विगत तीन वर्षों से बोरिंग की सफाई नहीं होने के कारण बन्द पड़ा है, जिससे किसानों को खेतों की सिंचाई में काफी परेशानी होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त राजकीय नलकूप पोक्सी को चालू करवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

स्लूईस गेट का निर्माण

*1206. श्री दिनकर राम—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलांतर्गत लखनदेई नदी के बेड में सिल्ट जमा हो जाने के कारण नदी अपने मुख्य धार से हट गयी है जिसके कारण बाढ़ के समय में त्राहिमाम बनी रहती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि लखनदेई नदी को डीसिल्ट करने तथा इसमें सीतामढ़ी शहर के उत्तर में जल-दबाववाले स्थानों को चिह्नित कर वहां स्लूईस गेट लगाने हेतु प्रश्नकर्त्ता द्वारा तीन वर्ष से लगातार स्थानीय पदाधिकारियों को अनुरोध किया जाता रहा है, परन्तु आजतक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त लखनदेई नदी में डीसिल्टिंग कराते हुए जल-दबाववाले स्थानों पर स्लूईस गेट लगाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*1207. डॉ० रणविजय कुमार—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत रफीगंज प्रखण्ड में रफीगंज गोह पथ से तिनेरी मोड़ से लट्टा पथ दूरी 8.2 कि०मी० न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के तहत 20 दिसम्बर, 2005 को निविदा प्रकाशित की गयी थी तदनुसार कार्य भी प्रारंभ किया गया लेकिन अभीतक पूर्ण नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का जीर्णोद्धार

*1208. श्री चित्तरंजन कुमार—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत जयपुर से सब्जपुरा तक सड़क जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सिंचाई की सुविधा

*1209. श्रीमती रंजु गीता—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बाजपट्टी प्रखण्ड में ग्राम-कचहरीपुर, बनगांव दक्षिणी महुआईन, बलवीसवा, रतनपुरा, गेनपुर, नानपुर प्रखण्ड के भदीयन, 2 जानीपुर में 2 अदद, नानपुर उत्तरी, कोईली, ददरी एवं बोखरा प्रखंड के ग्राम-धाधी कुरहर, बनौल, बाजीतपुर भाउर सिंगाचौरी, खड़का उत्तरी, खरका दक्षिणी महिसौथा, सतेर, चकौती, पोखरैरा एवं बुधनगरा गावों में स्थापित राजकीय नलकूप विगत 10 वर्षों से बन्द पड़ा रहने के कारण कृषि कार्य में किसानों को वर्षा पर निर्भर रहना पड़ रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त बन्द राजकीय नलकूपों की मरम्मती कराने के साथ ही पक्का नाला का निर्माण कर सिंचाई सुविधा सुनिश्चित कराने की कार्रवाई कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का सुदृढ़ीकरण

*1210. श्री रामानन्द राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत गढ़पुरा प्रखण्ड स्थित रजौरा चौक से टुनकी कुम्हारसो होते हुए गढ़पुरा स्टेशन तक पी०डब्लू०डी० सड़क के निर्माण होने के बाद आजतक मरम्मती नहीं होने से सड़क की स्थिति जर्जर हो गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ के जर्जर स्थिति में रहने के कारण स्थानीय जनता को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जर्जर पथ का सुदृढ़ीकरण कराकर आवागमन को पुन: चालू करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

प्रखंड में जोड़ना

*1211. श्री प्रेम रंजन पटेल--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत सुर्यगढ़ा प्रखण्ड के बुधौली बनकर पंचायत का सिंघौल, तेतरिया, लक्ष्मीनिया, सिमरातरी कोडासी गांव प्रखण्ड मुख्यालय से 40 कि०मी० की दूरी है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गांव के लोगों को प्रखण्ड मुख्यालय जाने के लिए चानन प्रखण्ड होकर जाना पड़ता है, जिसकी दूरी मात्र 5 कि०मी० है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सिंघौल, तेतरिया, लक्ष्मीनिया, सिमरातरी, कोडासी, गांवों को चानन प्रखण्ड के साथ जोड़ने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

अतिथि गृह का निर्माण

*1212. डॉ० इजहार अहमद--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के अतिथि गृह में मात्र पांच कमरे हैं, जबकि दरभंगा प्रमंडल स्तर का जिला है, जिसकी स्थापना के 104 वर्ष हो गये हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार मा० सांसदों एवं विधायकों को कठिनाई के आलोक में दरभंगा अतिथि गृह में अतिरिक्त कमरे का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

जल-जमाव से मुक्ति

*1213. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नी सैदपुर प्रखण्ड में बगाही रामनगर, खड़का, रैण विशुनी, अथरी एवं रून्नी सैदपुर उत्तरी पंचायत में 15000 हजार हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि में विगत 15 वर्षों से जल-जमाव की स्थिति है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्त्ता सदस्या उक्त विभाग को 4 वर्ष पूर्व जल-जमाव दूर करने हेतु लिखित आवेदन दिया गया था;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायत को जल-जमाव से मुक्ति हेतु कौन-सी कार्रवाई कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

* 1214. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत नरहिया एन०एच० 57 से परसा रेलवे हाल्ट, हटनी, सरौती एवं कुपहा कमरैल सुपौल जिला की सीमा तक कुल 22.50 कि०मी० लम्बा ग्रामीण पथ पिछले बीस वर्षों से जर्जर अवस्था में है और आवागमन के लायक नहीं रह गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि दिनांक 13 मई, 2008 को मुख्यमंत्री द्वारा नरहिया एन०एच० 57 से परसा रेलवे हाल्ट तक के पथांश का शिलान्यास किया गया है परन्तु कार्य आरम्भ नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का नव निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सौंदर्यीकरण करना

*1215. श्री नितिन नवीन--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना-शहर स्थित गोलघर के सौंदर्यीकरण हेतु विभाग को तीन वर्ष पूर्व ही राशि आवंटित है, परन्तु आजतक सौंदर्यीकरण का काम नहीं किया गया है, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है ?

---------

पथ का निर्माण

*1216. श्री उमाकान्त यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बाबूबरही प्रखण्ड के ग्राम-रहिपुर के मध्य विद्यालय से उप सरपंच, पैक्स अध्यक्ष के घर होते हुए मंडल टोल होते हुए बलुहा प्रधान मंत्री सड़क में मिलने वाली सड़क काफी जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि 500 (पांच सौ) के आबादी वाले सभी गांव को प्रधान मंत्री सड़क से जोड़ देने का प्रावधान किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो उक्त पथ को सरकार कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*1217. श्री अख्तरूल ईमान--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के कोचाधामन विधान-सभा क्षेत्र अन्तर्गत मस्तान चौक से बरबट्टा वाया अलता, मौदी, रानी, लम्बाई 21 कि०मी० सड़क विगत पांच वर्षों से काफी जर्जर है, फलस्वरूप आवागमन में कठिनाई हो रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*1218. मो० आफाक आलम--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत श्रीनगर प्रखण्ड के बालूघाट चौक से बेलवारी गांव होते हुए कजरा पिच रोड तक सड़क कच्ची रहने के कारण उक्त प्रखण्ड के निवासी को आवागमन में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

* 1219. श्री कृष्णनंदन पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत दरियापुर बाजार से भाया यादा गांव होते हुए अरेराज शिव मंदिर मुख्य पथ जर्जर अवस्था में है;

(2) क्या यह बात सही है कि यह कोटवा एवं संग्रामपुर प्रखण्डों को जोड़ने वाली मुख्य पथ है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ को बनवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

* 1220. श्री कृष्णनंदन पासवान--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत हरसिद्धि प्रखण्ड में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा पदाधिकारी का आवास तथा तुरकौलिया प्रखण्ड के बेलवाराय पंचायत में बेलवा राय बाजार चौक पर बने सामुदायिक भवन काफी जर्जर अवस्था में है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त आवास एवं सामुदायिक भवन को बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

ट्यूबवेल चालू करना

* 1221. श्री मोती लाल प्रसाद--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के रीगा प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम महेशिया, सड़वाजपुर, खरसान, बराही, सोनार में स्थित स्टेट ट्यूबवेल दो वर्षों से बन्द पड़े हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इन खराब ट्यूबवेलों को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नलकूप चालू करना

* 1222. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के नवीनगर विधान-सभा क्षेत्र में धुम्मी, करहरा, तेन्दू आगनपत, सहरसा, साया एवं अन्य 45 राजकीय नलकूप पांच वर्षों से बंद पड़े हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि इन राजकीय नलकूप के बंद होने से सिंचाई का कार्य ठप है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नलकूपों को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

गाद की सफाई

* 1223. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के कमला नहर प्रमंडल जयनगर के पूर्वी नहर से अधिकांश किसानों को सिंचाई का लाभ नहीं मिल पा रहा है, क्योंकि नेपाल से निकलने वाली मुख्य कमला नदी में गाद की मात्रा काफी अधिक होने से पूर्वी नहर में भी गाद भर जाता है जिससे सिंचाई कार्य नहीं हो पाता है, यदि हां, तो क्या सरकार कमला नदी के गाद की सफाई कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

खर्चा की भरपाई

* 1224. श्रीमती पुनम देवी यादव--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला में स्मार्ट कार्डधारी बी०पी०एल० परिवारों के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा के अन्तर्गत शहीद प्रभु नारायण मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पीटल, एन०एच० 31, परमानंदपुर खगड़िया अधिकृत किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि स्मार्ट कार्डधारी उर्मिला देवी के पति होसिल यादव, रसीक घरारी, थाना-मोरकाही, जिला, खगड़िया दिनांक 10 दिसम्बर, 2010 को उक्त अस्पताल में इलाज के लिये गए जहां उन्हें निः शुल्क में परामर्श चिकित्सा, दवा, भोजन के साथ घर वापसी के क्रम में यात्रा-भत्ता देने का प्रावधान है, जबकि होसिल यादव से यू०एस०जी० जाँच समेत अन्य मद में निर्धारित शुल्क लिया गया;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (2) में वर्णित मरीज के चिकित्सा एवं अन्य मद में हुए खर्चे की पूर्ति कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

जाँच कराना

* 1225. श्री अशोक कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत वारिसनगर विधान-सभा क्षेत्र में प्रधान मंत्री सड़क योजना के तहत जनवरी, 2011 में मोहिउद्दीनपुर से लवहट्टा जाने वाली सड़क का निर्माण कराया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ की ब्लैक टॉप सड़क निर्माण के साथ ही पूरे पथांश में उखड़ गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

पथ का निर्माण

* 1226. श्री रामायण मांझी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सिवान जिला अन्तर्गत दरौली प्रखंड के ग्राम सहजनीया महादलित गांव में एवं दरौली प्रखंड के कृष्णामाली पंचायत के ग्राम देवरिया महादलित गांव में कच्ची सड़क जर्जर हालत में है, यदि हां, तो क्या सरकार दरौली प्रखंड के सहजनीया महादलित गांव को दरौली मैरवा मुख्य पथ से कृष्णापाली देवरिया महादलित गांव तक पक्की पथ निर्माण कराना चाहती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

-------

मानक के अनुसार निर्माण

* 1227. श्रीमती ज्योति देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत बाराचट्टी प्रखण्ड का गांव-धरमथान, ग्राम पंचायत-बजेरकर के 25 अनु० जाति के परिवारों को वर्ष 2009 में इंदिरा आवास की स्वीकृति दी गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि धरमथान के परिवारों को टोल टैक्स एवं सूर्य मण्डल के लिए जमीन ले लेने के बाद पुनर्वासित कर इंदिरा आवास का निर्माण उनके मूल निवास से आधा कि०मी० दूर किया गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि धरमथान के 25 परिवारों का इंदिरा आवास का निर्माण मानक प्राक्कलन के अनुसार नहीं हुआ है, जिसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा छः माह पूर्व जिला पदाधिकारी से की गयी थी, जो अभीतक लंबित है, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है ?

पुल का निर्माण

*1228. श्रीमती बीमा भारती--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत भवानीपुर प्रखण्ड में फलका ब्लॉक बोडर (भाया भवानीपुर) विजय घाट पथ वर्ष 2008-09 से निर्माणधीन है, जिसमें दो स्थलों पर श्रीपुर घाट एवं जाबे डायनेज पर पुल का निर्माण नहीं हो रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त दोनों स्थलों पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

नहर की खुदाई

*1229. श्री जावेद इकबाल अंसारी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिला के चांदन जलाशय के हाईलेवल कैनाल से चिहार-वितरणी एवं मंदार-वितरणी का नहर खुदाई का कार्य वर्ष 1984 में प्रारंभ किया गया था, जो अबतक पूरा नहीं किया गया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त कार्य को पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

हाई-वे घोषित करना

*1230. श्री सतीश कुमार--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत हाजीपुर-महनार पथ कई जिलों को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण पथ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि आवागमन की दृष्टि से यह पथ स्टेट हाइ-वे के लिए सभी अर्हता को पूरा करता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित पथ को स्टेट हाई-वे घोषित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

पथ का निर्माण

*1231. श्री सतीश चन्द्र दुबे--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत नरकटियागंज प्रखण्ड के साठी-भसुरारी मुख्य पथ का निर्माण प्रधान मंत्री सड़क योजनान्तर्गत एन०एच०पी०सी० निगम द्वारा वर्ष 2007 में कराने हेतु निविदा दी गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ का निर्माण कार्य को आधा-अधूरा से छोड़ एन०एच०पी०सी० कम्पनी भाग गई, वर्तमान में यह पथ जीर्ण-शीर्ण आधा-अधूरा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कार्य पूरा कराने के साथ-साथ एन०एच०पी०सी० कम्पनी को काली सूची में डालने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, और नहीं, तो क्यों ?

-------

होस्टल का निर्माण

*1232. श्री सबा जफर--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि केन्द्र सम्पोषित मल्टी सेक्टर विकास योजना में पूर्णियां जिला के लिए वित्तीय वर्ष 2009-10 में 81 करोड़ रुपया आवंटित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस मद में कर्णांकित राशि में से अबतक मात्र दो करोड़ रुपये में सिर्फ आंगनबाड़ी केन्द्रों का ही निर्माण हुआ है ;

(3) क्या यह बात सही है कि इस योजना से मदरसों के भवन, अल्पसंख्यक विद्यालयों तथा अल्पसंख्यक होस्टल का निर्माण कराने का प्रावधान है ;

(4) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पूर्णियां जिले में मदरसा भवन, अल्पसंख्यक विद्यालय तथा अल्पसंख्यक होस्टल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

पथ का चौड़ीकरण

*1233. श्री श्याम बिहारी राम--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास प्रखण्ड के दारा नगर नौहट्टा प्रखण्ड के युदनाथपुर पथ 10 फीट होने के कारण वाहनों को आने-जानें मे कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का चौड़ीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

पथ का पक्कीकरण

*1234. श्री रामसेवक सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के प्रखण्ड हथुआ अन्तर्गत ग्राम पंचायत राज पचकेड़ा के दुर्गा मंदिर पचफेड़ा से दक्षिण तरफ जाने वाली पथ ग्राम भोजहाता होते हुए मैरवाँ कुचायकोट जानेवाली आर०ई०ओ० पथ को सुरवनिया नहर के पास जोड़ती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि यह जन उपयोगी पथ है, जिससे किसानों को काफी कठिनाई का सामाना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ को पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

पथ की मरम्मती

*1235. श्री सतीश कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के राघोपुर प्रखण्डान्तर्गत प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना से निर्मित जुड़ावनपुर से शिवनगर तक की सड़क बिल्कुल जर्जर हो गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस पथ का निर्माण वित्तीय वर्ष 2009-10 में ही पूर्ण किया गया है और विभागीय निदेश के अनुसार उक्त पथ का रख-रखाव तीन वर्षों तक संबंधित संवेदक को ही करना है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (1) में वर्णित पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

पुल का निर्माण

*1236. श्री सत्यदेव सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत ग्राम मोतेपुर धमौल के बीच पुनपुन नदी पर पुल नहीं होने से नदी पार करने के लिए वहां के लोगों को नाव ही एकमात्र सहारा है जिससे वर्षात के दिनों में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## सड़क का निर्माण

*1237. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के इसुआपुर प्रखंड अन्तर्गत डुमरी छपिया पंचायत से श्याम कौड़िया बाजार तक जाने वाली सड़क एवं तरैया प्रखंड के तरैया तिरमुहानी से पोखरेरा बाजार तक जाने वाली सड़क ध्वस्त है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## सड़क की मरम्मती

*1238. श्री सुरेन्द्र मेहता--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत वीरपुर प्रखंड के गैनहरपुर श्री फकीर तांती के मकान से वीरपुर तक सड़क में ईंटीकरण विगत 10 वर्षों पूर्व हुआ था जो टूट-फूट कर क्षतिग्रस्त हो गया है जिससे आम नागरिकों को आने-जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## कटाव की रोकथाम

*1239. श्री श्याम बिहारी प्रसाद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत आदापुर प्रखंड के ग्राम मैडिहारी से पश्चिम कड़िया नदी का कटाव जोरों पर है तथा नदी के कटाव के चलते ग्राम अभियंत्रण संगठन की सड़क एवं ग्रामीण सड़क नदी के गर्भ में चला गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि मुख्य मंत्री सेतु योजना से उक्त पथ पर कड़िया नदी में एक करोड़ पचहत्तर लाख (1,75,00,000) रुपये की लागत से पुल बनी है, लेकिन कटाव रोकने हेतु अभीतक कोई कारगर कदम नहीं उठाया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नदी कटाव को रोकने की व्यवस्था करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## सड़क का निर्माण

*1240. श्रीमती पूनम देवी यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला के गोगरी अनुमंडल अन्तर्गत एन०एच० 107 पकडैल चौक से पकडैल गांव होते हुए लक्ष्मीनियाँ, महौत, रबीबारी, बसुआ कोयला गांव तक लगभग दस किलो मीटर सड़क प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना में वर्ष 2006-07 से प्रस्तावित है;

(2) क्या यह बात सही है कि केन्द्रीय प्रायोजित योजना में राशि उपलब्ध नहीं होने से उक्त सड़क निर्माण कार्य आरंभ नहीं हो पा रहा है;

(3) क्या यह बात सही है कि लगभग एक लाख की आबादी सड़क निर्माण नहीं होने से पिछड़ी जाति, अत्यन्त पिछड़ी जाति, महादलित, मूलभूत सुविधा से वंचित है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कार्य करवाना चाहती है ?

बांध का जीर्णोद्धार

*1241. श्री जनार्दन मांझी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिला के बौंसी प्रखंड के डुमरी थरी मौजा में लघु सिंचाई विभाग के अन्तर्गत धर्म सागर बांध है जिससे डुमरी थरी, धरमपुर, कुशियारी, खरौनी, माधोपुर, मनियारपुर के हजारों एकड़ जमीन का पटवन होता है;

(2) क्या यह बात सही है कि धर्म सागर बांध काफी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हो गया है, 30 वर्षों से खुदाई का काम नहीं हुआ;

(3) क्या यह बात सही है कि तीन वर्षों से अनावृष्टि के चलते किसानों का इस बांध से पटवन नहीं हो पा रहा है, किसान भूखे मर रहे हैं;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बांध का पूर्णरूपेण जीर्णोद्धार कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

---------

सिंचाई की व्यवस्था

*1242. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 16 दिसम्बर, 2010 को प्रकाशित शीर्षक "सिंचाई योजनाओं पर छाए संकट के बादल" को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2010-11 में सिंचाई योजनाओं को पूरा किए बगैर राज्य को दूसरी योजना मंजूर करने पर उक्त अवधि में रोक लगा दी गयी है जिससे बिहार में त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम की अलग-अलग योजनाओं को चलाने में समस्या उत्पन्न हो गयी है, यदि हां, तो सरकार इस संबंध में तत्काल कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ की मरम्मती

*1243. श्री रामसेवक हजारी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत कल्याणपुर चौक से किशनपुर रेलवे स्टेशन तक जाने वाली पथ विगत 10 वर्षों से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में रहने की वजह से वाहनों का आवागमन बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

---------

मुखिया पर कार्रवाई

*1244. श्री विक्रम कुंवर--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2008 में सीवान जिला के प्रखंड हुसैनगंज के अधीन पूर्वी हरदास पंचायत के मुखिया द्वारा इंदिरा आवास आवंटन एवं बी०पी०एल० सूची के नाम दर्ज करने में काफी अनियमितता एवं धांधली किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उप-निदेशक (निर्वा०) पंचायती राज विभाग, पटना ने अपने पत्रांक 4699, दिनांक 30 जून, 2010 के द्वारा जिलाधिकारी, सीवान को जाँच कर कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु अनुरोध किया है, जो अभीतक लंबित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर उक्त मुखिया के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथों का पक्कीकरण

*1245. श्री नरेन्द्र कुमार नीरज--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के नवगछिया प्रखण्ड के नवगछिया मोल टोला से श्रीपुर आर0 ई0 ओ0 पथ, खैरपुर पंचायत से ढ़ोलबज्जा बाजार तक, गरैया चौक से जमुनिया पी0 डब्लू0 डी0 रोड तक पक्कीकरण आजतक नहीं हुआ है, जबकि वर्णित सभी पथ से जुड़े गांवों की आबादी एक हजार से अधिक है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथों का पक्कीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पटवन कराना

*1246. श्री अनन्त कुमार सत्यार्थी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत प्रखण्ड बेलहर में बदुआ जलाशय से संबंधित रामपुरी-असरगंज शाखा नहर जो सगुआ कोरिया होते हुए हाथिलोक ग्राम तक जाती है, जो नहर का कमांड एरिया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नहर के असरगंज के पास एक कि0 मी0 तक बोल्डर पीचिंग का कार्य विगत 10 वर्ष पूर्व सिंचाई विभाग द्वारा ऊँचा कर बनाने की वजह से सगुआ, कोरियन एवं हाथिलोक जो नहर के कमांड एरिया में है, सिंचाई सुविधा बाधित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किसानों के कृषि हित में उक्त ग्रामवासियों को पटवन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

कटाव रोकना

*1247. श्रीमती मनोरमा प्रसाद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिलान्तर्गत बैरिया प्रखण्ड में घोड़हिया गांव से लेकर कोईरपट्टी गांव तक गंडक नदी पर कटाव हो रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नदी में कटाव होने के कारण घोड़हिया गांव का अस्सी घर नदी में विलीन हो गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त नदी का कटाव रोकने के लिए कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

----------

अधिकारियों पर कार्रवाई

*1248. श्री चन्द्र शेखर--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के कुमारखण्ड प्रखण्ड अन्तर्गत गठित टास्क फोर्स द्वारा कराये गये योजना कार्य "पथ में आपातकालीन मरम्मती कार्य" किसी पथ में उल्लेख नहीं रहते भी प्राक्कलित राशि 24,70,368 रुपये के विरुद्ध मापी पुस्त दिखाकर 22,50,569 रुपये का भुगतान कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, मधेपुरा ने संवेदक को वर्ष 2009 में किया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त राशि की वसूली कराकर अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*1249. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत आजम नगर प्रखण्ड के अधीन तेघरा पंचायत के अन्तर्गत फसियां डंगा पी० डब्ल्यू० डी० सड़क से हाजीनगर समधा, मोहनगंज, बलदिया गांधी होते हुए गोविन्दपुर पी० डब्ल्यू० डी० सड़क तक गंजेपुर से पोटला रामपुर होते हुए बारसोई पी० डब्ल्यू० डी० सड़क महेन्द्र चौक तक एवं पोरला मध्य विद्यालय से ब्राह्मण टोला होते हुए समशेरपुर हरिजन टोला होते हुए खिदिरपुर तक की सड़क कच्ची है जो जर्जर स्थिति में है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़कों को पक्कीकरण करने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

योजना की स्वीकृति

*1250. श्रीमती ज्योति देवी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत बाराचट्टी प्रखण्ड में मुहाने नदी पर बरन्डी वियर सिंचाई परियोजना वर्ष 2007 माह फरवरी में तत्कालीन अभियंता प्रमुख, जल संसाधन सहित अनेक तकनीकी पदाधिकारियों द्वारा अपने स्तर से निरीक्षण कर उसे स्वीकृत कराने की कार्रवाई की गयी है, जो अभीतक लंबित है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बरन्डी वियर सिंचाई योजना की स्वीकृति एवं निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*1251. श्री रमेश ऋषिदेव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत कुमारखण्ड प्रखण्ड के सुरसर नदी के भटनी घाट पर पुल नहीं रहने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार जनहित में उक्त भटनी घाट पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

नलकूप चालू करना

*1252. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत अस्थावां विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत राजकीय नलकूप की संख्या 37 (सैंतीस) है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त वर्णित नलकूपों में से कुल 06 (छः) चालू अवस्था में है तथा 31 (एकतीस) राजकीय नलकूप विगत् 10 वर्षों से बन्द पड़े हैं, जिससे वहां के किसानों को कृषि कार्य में बाधा पड़ रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बन्द पड़े नलकूपों को कबतक चालू करने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

पथों का पक्कीकरण

*1253. श्रीमती रंजु गीता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बाजपट्टी प्रखंड के ग्राम मदारीपुर से बड़हरवा, बेलहिया होते हुए डुमरा प्रखंड के भासर चौक को प्रधान मंत्री सड़क से जोड़ती है, की स्थिति जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़कों का सुदृढ़ीकरण कराते हुए चौड़ीकरण, ऊँच्चीकरण एवं पक्कीकरण कराने हेतु विगत दो वर्षों से स्वीकृत होकर विभाग में लंबित पड़ा हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथों का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्णय का अनुपालन

*1254. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दिनांक 3 अप्रील, 1987 को सरकार द्वारा निर्णय लिया गया कि गाडा, स्काडा और के०बी०सी०, भागलपुर में कनीय अभियंताओं की नियुक्ति में कृषि अभियंत्रण डिप्लोमाधारियों को 25 परसेंट आरक्षण दिया जायेगा;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 1989 के बाद से उक्त निर्णय के आलोक में एक भी नियुक्ति कृषि डिप्लोमाधारियों की नहीं की गई है, जिसके कारण राज्य के डिप्लोमाधारी बेरोजगार हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्ष 1987 में लिये गये उक्त निर्णय का अनुपालन करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का पक्कीकरण

*1255. श्री वीरेन्द्र सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के वजीरगंज प्रखंड के पुनावाँ से विशनपुर होते हुए बनीयाडीह तक जाने वाली ग्रामीण पथ का पक्कीकरण नहीं होने से आवागमन बाधित है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

तटबंध की मरम्मती

*1256. श्री देवंती यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के नरपतगंज प्रखंड के सुपौल सीमा से उत्तर नेपाल सीमा तक सुरसर नदी का पूर्वी तटबंध 25 कि०मी० तक क्षतिग्रस्त हो जाने से हर वर्ष वर्षाकाल में पिठौरा, फतेहपुर, मिरदौल, बड़हारा, नाथपुर, मधुरा उत्तर, मधुरा पश्चिम, खैराचंदा, बढेपारा, पलासी, भंगही, सोनापुर, नवाबगंज, मानीकपुर पंचायतों के गांवों में फसल एवं जान-माल की क्षति हो जाती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सुरसर नदी के पूर्वी तटबंध की मरम्मती करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## योजना का कार्यान्वयन

*1257. श्रीमती उषा सिन्हा--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि श्री बड़े सिंह, ग्राम-बदौनी, प्रखंड परवलपुर, जिला नालान्दा द्वारा माननीय मुख्य मंत्री को संबोधित 17 फरवरी, 2009 के पत्र में ग्राम बदौनी में सिंचाई हेतु नलकूप लगाने के निमित्त आवेदन दिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि विभाग ने अनुरोध के आलोक में नलकूप लगाने का प्रस्ताव नलकूपों के लिए प्रस्तावित योजना नाबार्ड 15 में शामिल कर लिया था, जबकि योजना अभीतक लंबित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नाबार्ड 15 की योजना कबतक शुरू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## नदी से जोड़ना

*1258. श्री आनन्दी प्रसाद यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार ने बाढ़-सुखाड़ से निजात, औद्योगिक विकास एवं जल परिवहन के लिए नदी से नदी को जोड़ने का निर्णय वर्ष 2009-10 में ही किया गया है, परन्तु अबतक इस पर कार्य नहीं शुरू हुआ है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार नदी से नदी को जोड़ने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## आवास का निर्माण

*1259. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि उप-विकास आयुक्त, गोपालगंज ने अपने पत्रांक 1712, दिनांक 4 सितम्बर, 2010 द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी, बरौली से ग्राम पंचायत पिपरा के गड़क एवं बाढ़ से विस्थापित परिवारों की सूची की मांग की गई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रखंड विकास पदाधिकारी, बरौली ने अपने पत्रांक 2284, दिनांक 23 नवम्बर, 2010 द्वारा उप-विकास आयुक्त, गोपालगंज के पिपरा पंचायत के गंडक नदी से विस्थापित परिवारों की सूची उपलब्ध करा दी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विस्थापित परिवारों का इंदिरा आवास निर्माण करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## सड़क की मरम्मती

*1260. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के मोतिहारी प्रखंड के छौड़ादानों-नरकटिया बाजार आर० ई० ओ० फतुआ से नौरगीया गांव होते हुए प्रधान मंत्री पथ जोड़ने वाला पथ, प्रधान मंत्री पथ ढ़ेकहां लक्ष्मण टोला आर०ई०ओ० पथ भाया लक्ष्मण टोला-कर्णकुईया आर०ई०ओ० पथ, मधुबनी घाट पी०डब्लू०डी० पथ से दीनानाथ साह के घर से भाया नंदपुर होते हुए प्रधान मंत्री पथ, आर०ई०ओ० पथ बसवरिया से महादलित बस्ती होते हुए श्री महतो के गोवास से रूलही, ढ़ाका पी०डब्लू०डी० पथ एम०एम०टी० प्रयास अनाथ आश्रम के सामने से भाया महादलित बस्ती बाड़ा टोला होते हुए पतौरा लाला टोला होते हुए पी०डी०डी० गोढ़वा पथ, मोतिहारी-मधुबनीघाट पी०डब्लू०डी० रोड से भाया अमर छतौनी बरकुरवा चौक तक रोड काफी जर्जर अवस्था में है, यदि हां, तो उक्त सड़क की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*1261. श्री ललन कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के गुप्ता बांध पर एन०एच० 28 से तीनमुहानी चौक चकिया बरौनी थर्मल पर पथ का निर्माण का कार्य विगत् पाँच वर्षों से हो रहा था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त वर्णित पथ का निर्माण कार्य एक वर्ष से बन्द पड़ा हुआ है ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गुप्ता बांध पर पथ निर्माण का कार्य कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

बालू की निकासी

*1262. श्री सुबोध राय--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिलासी जलाशय नालों के बालू की उड़ाही दस वर्षों से नहीं होने पर भागलपुर जिला में शाहकुंड प्रखण्ड के किसानों को सिंचाई की सुविधा नहीं मिल रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार बालू की उड़ाही कराकर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

बांध का पक्कीकरण

*1263. श्री जितेन्द्र कुमार राय--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण नहर गंडक योजना अन्तर्गत सुल्तानपुर उप-वितरणी का सर्विस बांध सड़क नरहरपुर से एन०एच० 102 में मिलती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सर्विस बांध से मशरख, इसुआपुर, बनियापुर, मढ़ौरा, नगरा, अमनौर, गरखा इत्यादि प्रखण्डों के निवासियों के आवागमन का मुख्य साधन है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सर्विस बांध को पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

पथ का जीर्णोद्धार

*1264. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के धमदाहा प्रखंड अधीन माधोनगर से भाया बरदेला कुआंड़ी आर०ई०ओ० (ग्रामीण) पथ तथा धमदाहा बनमनखी पथ के दमगड़ा-से खनुआं जानेवाली आर०ई०ओ० पथ जर्जर स्थिति में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस पथ की जर्जर स्थिति के कारण खासकर कृषकों तथा केला उत्पादकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त दोनो पथों का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

पथ की मरम्मती

*1265. श्री नरेन्द्र कुमार नीरज--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत ढंगड़ा प्रखण्ड में भवानीपुर से सहोड़ा आर०ई०ओ० पथ, सीमड़ा मैनीया मोड़ से उजानी पुनामा

घाट तक, भुटली चनरबड़ा चौक से बनीया हाल्ट से भवानीपुर सहोड़ा रोड काफी जर्जर स्थिति में है, जिससे उस क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त वर्णित पथ की मरम्मतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

नलकूप चालू करना

*1266. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत ढाका प्रखण्ड में 35 नलकूप एवं घोड़ासहन प्रखण्ड में 26 नलकूप है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ढाका प्रखण्ड में 35 के विरुद्ध मात्र एक नलकूप तथा घोड़ासहन प्रखण्ड में 26 में से मात्र 7 नलकूप चालू अवस्था में है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त वर्णित दोनों प्रखण्डों में सम्प्रति 53 नलकूप विगत् 15 वर्षों से बेकार बंद पड़े रहने के कारण किसानों के कृषि कार्य पर बुरा असर पड़ रहा है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बंद पड़े नलकूपों को चालू कराने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

-------

पथ का कालीकरण

*1267. श्री महेन्द्र बैठा--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर प्रखण्ड के मुसापुर चौक से संग्राम बन्धर होते हुए ग्राम मौरा चौक तक का पथ कालीकरण नहीं किया गया है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का कालीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

कार्य पूर्ण करना

*1268. श्रीमती कुमारी मंजु वर्मा--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बेगूसराय समस्तीपुर राज्य उच्च पथ 55, नारायणपुर ग्राम से खिधिया रेलवे स्टेशन तक का निर्माण कार्य दो वर्षों से बन्द है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ का निर्माण कार्य इस्कॉन कम्पनी द्वारा मेसर्स माधवा कंस्ट्रक्शन कंपनी के माध्यम से करोड़ों रुपये के लागत से करा रही थी जो दो वर्षों से कार्य बन्द कर दिया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ के अधूरे निर्माण कार्य को पूर्ण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

सड़क का निर्माण

*1269. श्री उमाकान्त यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लदनियाँ प्रखण्ड के ग्राम मिर्जापुर बड़ा ईदगाह के प्रधान मंत्री सड़क से खता टोल होते हुए ग्राम बरूआर को धार्मिक स्थल सूर्य मंदिर तक जाने वाली सड़क की स्थिति काफी जर्जर है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क को बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

सड़क का पक्कीकरण

*1270. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत ठाकुरगंज प्रखण्ड के ननकार प्रधान मंत्री, ग्राम सड़क से ननकार, आजम नगर, हाथीडूबा, नुनियाटारी नूनी चौक, माटीखुरा, कारीबाड़ी, अनडाबाड़ी होते हुए दुराघाटी तक (2) की पी०डब्ल्यू०डी० दस्तूर रोड चौक से गोंगरिया, घस्सीकुरहा पीठा खुआ होते हुए भोलमारा हाट तक (3) गेदरी से ग्वालटोली हसनपुर, गोगच्छी मैगल डांगी होते हुए स्टेट हाइवे तक कच्ची सरकारी सड़कें हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़कों की स्थिति काफी जर्जर है, जिससे बरसात का मौसम आरंभ होते ही हजारों की आबादी को मुख्य मार्ग तक आने के लिए काफी परेशानियाँ झेलनी पड़ती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़कों को पक्कीकरण करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

भवन का निर्माण

*1271. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत संग्रामपुर प्रखंड को अपना भवन नहीं है जिससे कार्य निष्पादन में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड में भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

----------

पथ का निर्माण

*1272. श्री कृष्ण कुमार ऋषि--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत बनमंनखी प्रखण्ड के एन०एच० 107 धरहरा से चरैया पथ विगत 10 वर्षों से जर्जर की स्थिति में है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ जर्जर होने के कारण आम जनता को आवागमन में काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

पथ का निर्माण

*1273. श्री ललन कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के तेघड़ा प्रखंड के पकठौल से बीरपुर के बीच बुढ़ी गंडक पर बांध अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त वर्णित बांध पर पूर्व पक्की सड़क का निर्माण हुआ था, जो पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है, जिससे स्थानीय लोगों को काफी परेशानी होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बांध पर ध्वस्त पथ को पुनर्निर्माण कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक ?

रिक्त पद पर पदस्थापन

*1274. श्री ललन राम--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लघु जल संसाधन प्रमंडल, गया के अधीन बांकेबाजार, ईमामगंज एवं डुमरिया प्रखण्डों में कनीय अभियंता (सिविल) का पद विगत तीन वर्षों से रिक्त रहने से यहां का विकास कार्य प्रभावित हो रहा है, यदि हां, तो सरकार कबतक उक्त कनीय अभियंता (सिविल) के रिक्त पद पर पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

भवन का निर्माण

*1275. श्री मनीष कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिला के रजौन प्रखण्ड तथा धोरैया प्रखण्ड कार्यालय का भवन 50 वर्ष पुराना है, जो जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, यदि हां, तो क्या सरकार धोरैया प्रखण्ड कार्यालय भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का निर्माण

*1276. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत इसुआपुर प्रखण्ड के परसा तिनमुहानी से धामा, बजरहिंया, करतालपुर, हनुमानगंज, डोइला होते हुए गंगौली आर०ई०ओ० पथ 2001 में बाढ़ के कारण ध्वस्त हो गया है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जनहित में उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

भवन का निर्माण

*1277. श्री छेदी पासवान--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरपंच का चुनाव हुए पांच वर्ष होने को है, परन्तु पंचायत में ग्राम कचहरी भवन का निर्माण नहीं कराया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्राम कचहरी भवन का निर्माण नहीं कराये जाने से गांव के छोटे-छोटे मुकदमों को ग्राम कचहरी में नहीं सुलझाया जाता है, जिससे मामला थाना में जाने से गरीब लोगों को स्थानीय स्तर पर न्याय नहीं मिल पाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पंचायतों में ग्राम कचहरी भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कटाव की रोकथाम

*1278. श्री मंजीत कुमार सिंह— क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2009-10 में गोपालगंज जिला के सारण तटबंध के 80 कि०मी० से मटियारी रिंगबांध के 3.50 कि०मी० के बीच एवं सारण तटबंध के 84.20 कि०मी० पर स्थित डिग्धर एवं शीतलपुर, फैजुल्लाहपुर जमींदारी बांध के 7.353 कि०मी० से 7.860 कि०मी० के बीच स्थित अदमापुर गांव में गंडक नदी से कटाव हुआ था, जिसकी कटाव निरोधक कार्य अभीतक नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर कटाव निरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

पथ का पक्कीकरण

*1279. श्री विरेन्द्र सिंह— क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के वजीरगंज प्रखंड अन्तर्गत ददौरा चुवार पथ से मठुआईन होते हुए बनीयाडीट खलारी तक का ग्रामीण कच्ची पथ का पक्कीकरण नहीं हुआ है, जिससे आवागमन बाधित है;

(2) क्या यह बात सही है कि ददौरा से लेकर बनीयाडीट खलारी एवं आस-पास के लोगों को आवागमन का यह एक मात्र पथ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक और नहीं, तो क्यों?

----------

पथ का जीर्णोद्धार

*1280. श्री सतीश चन्द्र दुबे— क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत नरकटियागंज अनुमंडल में नरकटियागंज रक्सौल मुख्य पथ का जीर्णोद्धार 1990 में की गई थी, परन्तु इस पथ के वर्तमान में जर्जर हालात में होने से आवागमन एवं परिवहन में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त पथ का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

----------

सड़क का निर्माण

*1281. श्री भाई वीरेन्द्र— क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के फुलवारी शरीफ विधान-सभा क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम-जानीपुर जो मास्टर कलीम के घर से मठ की ओर जाने वाली सड़क काफी क्षतिग्रस्त रहने के कारण उक्त ग्रामीणों को आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त वर्णित ग्राम के जर्जर (क्षतिग्रस्त) सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

-----------

पुल का निर्माण

*1282. श्री महेन्द्र बैठा— क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर प्रखंड के ग्राम लेहुरण में नून नदी के पास हबीबपुर घाट पर पुल नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि हबीबपुर घाट पर पुल का निर्माण नहीं होने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पुल बनाना

*1283. श्री राम सेवक सिंह— क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपलगंज जिला कि प्रखण्ड हथुआ के ग्राम पंचायत राज एकडौगा एवं ग्राम पंचायत राज खैरिया को जोड़ने हेतु ग्राम दुबे सरिसवां के पास सोना नदी पर पुल का निर्माण नहीं हुआ है, जिसमें आम जनता को कठिनाई हो रही है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

कटाव की रोकथाम

*1284. श्री राजेश सिंह— क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत बगहा प्रखंड के ग्राम हथुअनवा में जंगली एवं पहाड़ी नदी डंगरही नदी का कटाव बहुत अधिक बढ़ गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि "हथुअनवा" ग्राम का एक हिस्सा कटके नदी के बहाव में बह गया और इस वर्ष भी इस ग्राम पर कटाव का खतरा बना हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार ग्राम हथुअनवा में कटाव निरोधक कार्य कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पथ का निर्माण

*1285. श्री मदन सहनी— क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिले के बहादुरपुर प्रखंड अन्तर्गत बसतपुर पंचायत के उसमा मठ से कोकट होते हुए कमलपुर तक की पथ अत्यंत जर्जर है, जिसके कारण आम लोगों को आवागमन में काफी असुविधा हो रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त पथ का पुनः निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*1286. श्री सदानन्द सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत सन्हौला प्रखंड के गेरुआ नदी पर ग्राम बोढ़ा बथानी के पास बिहार राज्य पुल निर्माण निगम द्वारा पिछले तीन वर्षों से पुल का निर्माण किया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल के निर्माण कार्य में लगे संवेदक न तो निर्धारित समय सीमा के अन्दर पुल का निर्माण कार्य ही करा पाये हैं साथ ही निर्माण कार्य में भी घटिया किस्म की सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जांच कराकर गुणवत्ता के अनुरूप और समय सीमा के अन्दर पुल का निर्माण कार्य पूर्ण कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक ?

---------

सड़क की मरम्मती

*1287. श्री अख्तरुल ईमान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला अन्तर्गत निर्मित प्रधान मंत्री ग्राम सड़क कठामठा से टप्पू पार्ट I पैकेज नं० बी०आर० 18/06 एवं पार्ट II पैकेज नं०बी०आर० 18/07 का निर्माण कार्य वर्ष 2007 में पूर्ण किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त निर्मित सड़क के पांच वर्षों तक मेनटेनेंस के लिए प्राक्कलन में 99.64 लाख रुपया का प्रावधान है, किन्तु संवेदक द्वारा एक रुपया भी कहीं मेनटेनेंस नहीं किया है, जबकि सड़क की स्थिति विगत दो वर्षों से काफी जर्जर है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का संवेदकों द्वारा अबतक मरम्मती कार्य नहीं किये जाने के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*1288. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के अस्थावां विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत एन०एच० 82 से बड्डेपुर, फतेहपुर, सरफुद्दीन नगर एवं जनपुरा गांव में मुख्य मंत्री सड़क निर्माण की योजना वर्ष 2006 में स्वीकृत हुआ है, तथा उक्त सड़क के निर्माण कार्यों को वित्तीय वर्ष 2008-09 में पूरा किया जाना था, जिसमें अभीतक मात्र 10 प्रतिशत ही कार्य हुए तथा 90 प्रतिशत कार्य संवेदक एवं पदाधिकारियों की लापरवाही से पूरा नहीं हो सका है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क निर्माण में सड़क को खोदकर छोड़ दिया गया है, जिससे आम जनता का यातायात बाधित हो गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लापरवाही बरतने वाले व्यक्तियों पर कार्रवाई करते हुए कबतक उक्त सड़क के निर्माण कार्य को पूरा कराने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

---------

दुर्घटना से बचाव

*1289. श्री अरुण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना में यातायात के दबाव को कम करने हेतु नया बाईपास को 28 अप्रैल, 2010 से फोर लेन में परिवर्तित किया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि एन०एच० 30 के दोनों तरफ पटना में घनी आबादी बस जाने एवं अंडरपास के अभाव के कारण यथा-बेउर मोड़, गर्दनीबाग, सरिस्ताबाद, सत्तर फीट रोड, जनता रोड, एन०एच० 83, रामकृष्णा नगर, रामलखन पथ, हनुमान नगर, खेमनीचक, भूतनाथ रोड, नन्दलाल छपरा खंड के मिलन बिन्दु पर (क्रॉसिंग प्वायंट) प्रायः दुर्घटना होती रहती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त क्रासिंग प्वायंट पर अंडरपास बनाने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*1290. श्री चितरंजन कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत करपी प्रखंड के रामपुर चाय पंचायत के पांचू बिगहा ग्राम जिसकी आबादी 800 है जहां पक्की सड़क नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के अंतिम सीमा पर स्थित यह गांव में दलित महादलितों की अधिक आबादी है जहां बरसात में आवागमन एक दुस्कर कार्य है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पांचू बिगहा नहर से देवकुंड हसपुरा मुख्य सड़क तक पी०सी०सी० ढलाई कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

नाला का निर्माण

*1291. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत प्रखंड बिहियां का बिहियां तियर रोड तथा शाहपुर प्रखंड का शाहपुर बाजार में शाहपुर भरौली रोड विभाग के अधीन है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों सड़कों के बगल से नाला निर्माण न होने से सड़क पर हमेशा जल-जमाव की स्थिति बनी रहती है, जिससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानी होने के साथ सड़क भी क्षतिग्रस्त होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों सड़क के बगल से नाला निर्माण कराकर सड़क को जल-जमाव से मुक्त कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का निर्माण

*1292. श्री ज्ञानचन्द मांझी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि छपरा जिलान्तर्गत गड़खा प्रखंड में गड़खा से केवानी जाने वाली पथ में मैकी ग्राम के नजदीक उक्त पथ का 200 मीटर गंडकी नदी से कटाव 2 वर्ष पूर्व हो गया है, जिसके कारण उक्त क्षेत्र की जनता का यातायात बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ को नदी से कटाव को रोकते हेतु टूटे हुए पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

बोरिंग लगाना

*1293. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के के० नगर प्रखंड के चकला तथा सहरा में विभाग की ओर से स्टेट बोरिंग का निर्माण कराया गया है परन्तु अभीतक चालू नहीं हो पाया है;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला धमदाहा प्रखंड तथा के० नगर प्रखंड में ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई हेतु पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण कृषकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार चकला तथा सहरा स्टेट बोरिंग को चालू करते हुए कृषकों के हित में धमदाहा तथा के० नगर प्रखंडों के प्रत्येक पंचायतों में स्टेट बोरिंग निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

* 1294. श्रीमती बीमा भारती--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत भवानीपुर प्रखण्ड के बैजनाथ उच्च विद्यालय, बलिया एवं रूपौली प्रखण्ड के उच्च विद्यालय, टिक्कापट्टी सम-विकास योजना से भवन निर्माण कार्य विगत् पाँच वर्षों से अधूरा है, जिससे छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार दोनों विद्यालयों के भवन निर्माण कार्य को पूर्ण कराने की विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

* 1295. श्री हरिनारायण सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत नगरनौसा एन०एच० 30 ए से पी०एम०जी०एस०वाई 20 कि०मी० पथ में से मात्र 19 कि०मी० का ही निर्माण हो सका है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ के एक कि०मी० निर्माण के अभाव में पथ का पूर्ण तथा सही उपयोग नहीं हो पा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पथ के एक कि०मी० का निर्माण करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

* 1296. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के रफीगंज विधान-सभा क्षेत्र अन्तर्गत बलीगांव पंचायत के बलीगांव ग्राम के पास आवागमन हेतु केशहर नदी पर पुल नहीं होने से आम जनता को कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार केशहर नदी पर पुल बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

* 1297. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बेलसंड प्रखण्ड अन्तर्गत डुमरा, कंसार, सिरसियां गांव में स्वीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन निर्माण कार्य अभीतक प्रारम्भ नहीं हुआ है, जबकि वर्ष 2009 में विभाग द्वारा 20 लाख रु० की राशि का आवंटन कर दिया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कबतक भवन निर्माण कार्य प्रारम्भ करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई

* 1298. डॉ० अच्युतानन्द--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के महनार प्रखण्ड के चमरहद्दा गांव स्थित घाघरा नदी पर वर्ष 2010-11 में मुख्य मंत्री सेतु निर्माण योजना से पुल का निर्माण कराया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि पुल बनने के तुरन्त बाद दरार आ गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसके लिए दोषी पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

छिलका का निर्माण

* 1299. श्री राहुल कुमार--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला के काको, मोदनगंज, घोसी एवं हुलासगंज प्रखंड में सिंचाई के एक मात्र आहर एवं पइन ही है;

(2) क्या यह बात सही है कि घोसी प्रखंड में धुरियारी आहर, कुर्रे आहर, चौपहा आहर, अलीगंज आहर, कोर्रा आहर, बाजितपुर आहर, छोटकी बनपुरा आहर, भखरा आहर, फरीदपुरा आहर, घोसी पोखर, हुलासगंज प्रखंड में उतीमपुर पोखर, मोकिमपुर छिलका का निर्माण तथा मोदनगंज प्रखंड में महाल पइन, शेखपुरा आहर, जमालपुर आहर, मननपुर आहर में छिलका का निर्माण एवं गन्धार का जीर्णोद्धार विगत 10 वर्षों से नहीं हो पायी है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर छिलका का निर्माण तथा गन्धार का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है ?

--------

योजना पूर्ण करना

* 1300. श्री आलोक रंजन--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाढ़ 2011 के पूर्व 280 अदद बाढ़ सुरक्षात्मक योजना को 31 मई, 2011 तक 431.39 करोड़ की लागत से पूरा करने का लक्ष्य है, यदि हां, तो लक्ष्य के अनुकूल कितनी योजना को पूरा किया गया है ?

--------

पुल का निर्माण

* 1301. श्री रामचन्द्र सदा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला के अलौली प्रखण्ड के दहमाखोरी खठहा, आनन्दपुर मारन, चेराखेरा पंचायत शहरबन्नी, बागमती, कमला कोशी नदी के पास अवस्थित है, जहां पुल नहीं रहने के कारण आजतक प्रखण्ड मुख्यालय याजिला मुख्यालय से संपर्क पथ नहीं बना है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त क्षेत्र में सम्पर्क पथ पुल-पुलिया नहीं रहने से पुलिस गस्ती नहीं कर पा रही है गत वर्ष इसी इलाके में ''अमौसी नरसंहार'' भी हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गांवों को जिला मुख्यालय या प्रखण्ड मुख्यालय से जोड़ने हेतु नदी में पुल तथा पक्की सम्पर्क पथ बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

### तटबंध की मरम्मती

*1302. श्री विनोद नारायण झा--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेनीपट्टी प्रखंड के शाहपुर पंचायत अन्तर्गत खिरोई नदी के किनारे 50 वर्ष पूर्व तटबंध का निर्माण किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त तटबंध की मरम्मती नहीं होने के कारण तटबंध अपना अस्तित्व खो चुका है, जो मकिया से प्रारम्भ होकर छेलकारा तथा बगवासा होते हुए सिपोलिया तक जाती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त तटबंध की मरम्मती कराकर ऊँचा कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, और नहीं, तो क्यों ?

---------

### कटाव की रोकथाम

*1303. श्री अख्तरुल इसलाम साहिन--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर शहर बड़ी गंडक नदी के दाएं तटबंध के किनारे अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि बड़ी गंडक नदी के दाएं तटबंध के भीतरी भाग मुहल्ला-धर्मपुर के सामने कब्रिस्तान, श्मशान घाट एवं ईसाइयों का कब्रिस्तान अवस्थित है जहां उक्त नदी से कटाव हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थल का कटाव की रोकथाम करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

### पुल का निर्माण

*1304. श्री रमेश ऋषिदेव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत शंकरपुर प्रखंड के ग्राम परसा में गहरामपुर सड़क में कोसी चौक पर पुल का निर्माण नहीं होने से आवागमन में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त चौक पर पुल का निर्माण करने का विचार रखती है, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पटना :
दिनांक 16 मार्च,, 2011 (ई०) ।

गिरीश झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि०स०मु० (एल०प०), 143--डी०टी०पी०--450